दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, मंगलवार 13 अप्रैल 2021, शुक्लपक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-65 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज चार, कल पांच के साथ टोटल 20 जिले लॉक

प्रदेश का सबसे लंबा 15 दिन का संपूर्ण लॉकडाउन धमतरी में

रायपुर/नवप्रदेश। में बढ़ते कारोना संक्रमण को देखते हुए कई जिलों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। बस्तर को छोड़कर लगभग सभी जिलों में लॉकडाउन एक बार फिर लौट आया है। वहीं कवर्धा जिले में आंशिक लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया गया है। वहीं, प्रदेश के 20 जिलों में संपूर्ण लॉकडाउन का ऐलान किया गया है। जहां पर प्रशासन की सख्ती पहले से ज्यादा होगी। यहां सिर्फ मेडिकल स्टोर को छोड़कर सभी दुकानों को बंद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरबा में लगा 21 अप्रैल तक टोटल लॉकडाउन रहेगा

सरगुजा	13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन	बेमेतरा	10 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी
गरियाबंद	13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन	बालोद	10 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी
जांजगीर	13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन	बलौदाबाजार	11 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी
सूरजपुर	13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन	कोरिया	11 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी
बिलासपुर	14 से 21 अप्रैल लॉकडाउन	धमतरी	11 से 26 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी
रायगढ़	14 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन		*15 दिनों का सबसे लंबा लॉकडाउन*
महासमुंद	14 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन	जशपुर	11 से 18 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी
दुर्ग	6 से 14 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी	मुंगेली	14 से 21 अप्रैल तक लॉकडाउन
रायपुर	9 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी	बलरामपुर	14 से 25 अप्रैल तक लॉकडाउन
कवर्धा	9 अप्रैल से आगामी आदेश तक आंशिक लॉकडाउन जारी	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 14 से 21 अप्रैल तक लॉकडाउन	
		बलरामपुर	आज से प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है।
राजनांदगांव	10 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी	यहां सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक ही दुकानें खुलेगी।	

आज बेबाक

महाराष्ट्र सरकार तो दिल से कोरोना की शुक्र गुजार होगी जिसने अपनी दूसरी लहर में कहर बरपाकर उसकी कारगुजारियों से लोगों का ध्यान भटका दिया है। हालांकि एनआईए और सीबीआई की जांच में नित नए चौकाने वाले खुलासे हो रहे है और साफ नजर आ रहा है कि पूरे कुएं में भ्रष्टाचार रूपी भांग घुली हुई है। किन्तु कोरोना के कहर ने ऐसी खबरों को हाशिए पर डाल दिया है। वाकई कोरोना काल कई भ्रष्ट और निकम्मी सरकारों के लिए अभिशाप कम और वरदान ज्यादा बन गया है। वो तो कभी नहीं चाहेंगे कि कोरोना उनके प्रदेश से जाएं और उनके काले कारनामे सामने आएं।

गुढ़ियारी थाना में एक दर्जन स्टाफ संक्रमित

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरोना का कहर जारी है. इस बीच राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि गुढ़ियारी थाने में पदस्थ 12 पुलिसकर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं, इनमें 11 सिपाही और 1 हवालदार शामिल हैं। गौरतलब हो कि कल प्रदेश में 10521 कोरोना संक्रमित मरीजकी पहचान की गई थी। वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार बीते 24 घंटे में 5707 मरीज स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश में अब तक 4899 कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हो चुकी है।

ये महत्वपूर्ण सूचना है

इसे अपने पास रखे, मोबाईल में सेव करें और दूसरों से साजा करें। दैनिक नवप्रदेश के वेब पोर्टल पर भी इसका लिंक मौजूद है...

https://cg.nic.in/health/covid19/RTPBedAvailable.aspx

कोविड अस्पतालों में खाली बिस्तरों की जानकारी देने पोर्टल शुरू

पोर्टल पर देख सकते हैं उपलब्ध बिस्तरों की स्थिति

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड अस्पतालों में खाली बिस्तरों की जानकारी देने नया पोर्टल शुरू किया गया है। पोर्टल पर प्रदेश के सभी जिलों में संचालित कोविड केयर सेंटरों, कोविड अस्पतालों और अनुमति प्राप्त निजी अस्पतालों में कोरोना के इलाज के लिए उपलब्ध बिस्तरों की संख्या प्रदर्शित की गई है। कोविड-19 मरीजों के लिए इन तीनों तरह के केन्द्रों में आक्सीजन सुविधा वाले बिस्तरों, आईसीयू व एचडीयू बिस्तरों, वेंटिलेटर की उपलब्धता तथा अस्पताल के बाहर आइसोलेशन बिस्तरों की जानकारी एवं उनकी स्थिति भी दर्शायी गई है। अस्पताल में इलाज की जरूरत वाले मरीज पोर्टल पर प्रदर्शित खाली बिस्तरों की जानकारी के अनुसार संबंधित अस्पताल या कोविड केयर सेंटर में पहुंचकर उपचार करा सकते हैं।

खास-खबर

टीका उत्सव : पहले दिन 27 लाख से ज्यादा टीके लगे

खुराक की कमी से ओडिशा में बंद रहे 900 टीकाकरण केंद्र

नई दिल्ली। देश में 'टीका उत्सव' के पहले दिन रविवार शाम तक 27 लाख से ज्यादा कोविड-19 रोधी टीके की खुराक दी गई हैं। इसके साथ ही देश में अब तक टीके की 104365035 खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। देश में 11-14 अप्रैल के बीच चल रहे कोविड-19 टीकाकरण अभियान को 'टीका उत्सव नाम दिया गया है। दूसरी ओर ओडिशा में खुराकों की कमी के चलते कम से कम 900 टीकाकरण केन्द्र बंद रहे, जिसके बाद राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया।

निजी अस्पतालों में कोविड-19 के इलाज के लिए दरें जारी

सीएम ने अस्पताल संचालकों और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ बैठक में नए दर के निर्धारण के दिए थे निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने निजी अस्पतालों में कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए नई दरें निर्धारित की हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 11 अप्रैल को अस्पताल संचालकों और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निजी अस्पतालों में कोरोना के इलाज की नए दरें निर्धारित करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आज संशोधित दरें जारी की हैं। विभाग द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार एन.ए.बी.एच. मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में मॉडरेट स्थिति वाले मरीजों के इलाज के लिए प्रतिदिन 6200 रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। इसमें सपोर्टिव केयर आइसोलेशन बेड के साथ आक्सीजन एवं पीपीई किट का खर्च शामिल है। राज्य शासन द्वारा निजी अस्पतालों में इलाज के लिए निर्धारित प्रतिदिन के शुल्क में पंजीयन शुल्क, बेड, नर्सिंग और बोर्डिंग चार्ज, सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, डॉक्टर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मान्यता प्राप्त अस्पतालों की दर

गंभीर स्थिति वाले मरीजों के उपचार के लिए रोजाना 12 हजार रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। इसमें बगैर वेंटिलेटर के आईसीयू सुविधा शामिल है। अति गंभीर मरीजों के इलाज के लिए 17 हजार रूपए प्रतिदिन की दर निर्धारित की गई है। इसमें वेंटिलेटर के साथ आईसीयू सुविधा शामिल है। वहीं एन.ए.बी.एच. से गैर मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों के लिए मॉडरेट, गंभीर और अति गंभीर मरीजों के इलाज के लिए प्रतिदिन 6200 रूपए, दस हजार रूपए एवं 14 हजार रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। निजी अस्पतालों में कोविड-19 के इलाज में होने वाला व्यय मरीज को स्वयं वहन करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट पर कोरोना की मार, कई संक्रमित

नई दिल्ली। देशभर में जारी कोरोना के कहर से सर्वोच्च अदालत भी अछूती नहीं बची है। खबरों के मुताबिक, देश की सुप्रीम कोर्ट में कई कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। हालात को देखते हुए अब सुप्रीम कोर्ट के जजों ने फैसला लिया है कि वे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया का परिवार कोरोना संक्रमित, घर में हुए आइसोलेट

रायपुर। देश एवं प्रदेश में कोरोना संक्रमण कोविड-19 के द्वितीय चरण में बढ़ते मामलों को लेकर हालात गंभीर हो चुके हैं। लगातार राज्य शासन द्वारा युद्ध स्तर पर आम जनता को राहत देने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं जनसहयोग से मुहिम चलाई जा रही है। एक के बाद एक कोरोना संक्रमित मरीजों के नाम सामने आने से जहां लोगों में कोरोना की भयावह स्थिति को लेकर चिता है वहीं मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया के सपरिवार संक्रमित होने की जानकारी मिली है। उनकी पत्नी और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अनिल देशमुख को सीबीआई ने किया तलब, 14 को होगी पूछताछ

मुंबई। वसूली के आरोपों की वजह से कुर्सी गंवाने वाले महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री को सीबीआई ने पूछताछ के लिए तलब किया है। सीबीआई 14 अप्रैल को अनिल देशमुख से पूछताछ करेगी। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद देशमुख को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी और हाईकोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ सीबीआई ने जांच शुरू की है। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक वाली कार मिलने के मामले में एपीआई सचिन वाझे की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाए गए परमबीर सिंह ने मुख्यमंत्री को खत लिखकर आरोप लगाया था कि वाझे को अनिल देशमुख ने हर महीने 100 करोड़ रुपए की वसूली का आदेश दिया था।

बड़े साहस और सूझबूझ से जवान की सकुशल रिहाई कराई : बघेल

■ **मध्यस्थ टीम के सदस्य, जवान राकेश्वर सिंह मन्हास को उनके घर सकुशल छोड़ने जम्मू जाएंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में नक्सलियों के कब्जे से रिहा हुए कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास और उन्हें रिहा कराने वाली मध्यस्थ टीम के सदस्यों सर्व पद्मधर्मपाल सैनी, जय रुद्र करे, तेलम बौरैया, सुखमती हप्का और कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास तथा पत्रकार गणेश मिश्रा और मुकेश चंद्राकर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनका शाल और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और उद्योग मंत्री कवासी लखमा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कोबरा बटालियन के जवान को रिहा कराने के लिए मध्यस्थ टीम ने संकट के समय में बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए बड़े सहज रूप से अपने काम को अंजाम तक पहुंचाया और जवान को सकुशल रिहा कराने में सफल हुए। इस कार्य की जितनी भी सराहना की जाए कम है। इस पूरे घटनाक्रम पर पूरे देश की नजर थी। जवान के रिहा होने पर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश ने राहत की सांस ली। टीम के सदस्यों ने एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाया और साहस के साथ अपनी भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवान राकेश्वर सिंह मन्हास की माता जी को उन्होंने मन्हास की सकुशल वापसी का वचन दिया था।

चुनौतिपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजापुर की नक्सल घटना के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री भी बस्तर आए थे। जवान को रिहा कराने की हमारी रणनीति सफल रही। इस कार्य में पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन, महानिदेशक सीआरपीएफ, आईजी बस्तर, बीजापुर के एसपी और डीएसपी, मध्यस्थ टीम के सदस्यों, स्थानीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीजापुर और बस्तर अंचल के स्थानीय लोगों ने एक बड़ा चुनौतिपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया।

भारत में स्पूतनिक वी को मिली आपातकालीन मंजूरी

नई दिल्ली/ए.। कोरोना के रिकॉर्ड केसों के बीच देश को इस महामारी से लड़ने के लिए एक और हथियार मिल गया है। भारत के केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति ने देश में कुछ शर्तों के साथ रूसी कोरोना टीके 'स्पूतनिक वी' के आपात इस्तेमाल को मंजूरी देने की सिफारिश की है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) की मंजूरी के बाद भारत का औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) अंतिम फैसला लेगा। डॉ. रेड्डीज के अलावा आरडीआईएफने भारत में प्रतिवर्ष 20 करोड़ डोज के उत्पादन के लिए मार्च में विरचो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड से समझौता किया था। इसने स्टेलिस बायोफार्मा प्राइवेट लिमिटेड और पैंसिया बायोटेक से 20 और 10 करोड़ डोज उत्पादन के लिए पार्टनरशिप की है। रूसी वैक्सीन को ऐसे समय पर मजूरी दी गई है जब देश में अब तक के सर्वाधिक 1,68,912 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत, यूएई, वेनेजुएला और बेलारूस में फेज 3 के क्लीनिकल ट्रायल चल रहा

अंतिम मंजूरी के साथ ही अब देश में तीन कोरोना टीके होंगे। देश में एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से तैयार कोविशील्ड और भारत बायोटेक-आईसीएमआर के टीके कोवैक्सीन को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और इनकी 10 करोड़ से अधिक खुराक लोगों को दी जा चुकी है। हैदराबाद आधारित दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने पिछले सप्ताह भारत सरकार से स्पूतनिक वी के लिए मंजूरी मांगी थी। रसियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड ने सितंबर 2020 में डॉ. रेड्डीज से भारत में क्लीनिकल ट्रायल के लिए पार्टनरशिप की थी। रूसी वैक्सीन का 9.1.6 फीसदी प्रभावी है और यूएई, भारत, वेनेजुएला और बेलारूस में फेज 3 के क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने दी आईएनएस विराट को तोड़ने की मंजूरी

नई दिल्ली। युद्धपोत आईएनएस विराट को तोड़ने का काम अब फिर से शुरू किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अब इसे तोड़ने की मंजूरी देदी है। बता दें कि आईएनएस विराट को संग्रालय के रूप में बनाए जाने की मांग करने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि याचिका देर से दायर की गई। इसलिए अब आईएनएस विराट को तोड़ना जारी रहेगा। आज अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता सर्वोच्च न्यायालय में देर से आए। 40 प्रतिशत जहाज पहले ही तोड़ा जा चुका है।

कोरोना: दावे असलियत से विपरीत... रुपाणी सरकार को हाई कोर्ट की तगड़ी फटकार

अहमदाबाद/ए.। गुजरात हाई कोर्ट ने राज्य में कोविड-19 की स्थिति और लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर सोमवार को राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि असलियत, सरकारी दावों के विपरीत है। मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति भार्गव कारिया की खंड पीठ ने राज्य में कोरोना वायरस की स्थिति पर एक जनहित याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते कहा, ''लोग अब सोच रहे हैं कि वे भगवान की दया पर हैं।'' महाअधिवक्ता कमल त्रिवेदी ने उच्च न्यायालय को उन कदमों के बारे में जानकारी दी जो राज्य सरकार ने कोविड-19 की स्थिति से निपटने के लिए उठाए हैं। इसके बाद, अदालत ने कहा कि असलियत सरकारी दावों के उलट है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए की गई सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा, ''आप जो दावा कर रहे हैं, स्थिति उससे काफी अलग है। आप कह रहे हैं कि सबकुछ ठीक है, लेकिन वास्तविकता उसके विपरीत है।'' पीठ ने कहा कि लोगों में 'विश्वास की कमी' है। अदालत ने कोविड-19 मरीजों के लिए रेमडिसिवर इंजेक्शन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आयोजन | **भारत के पहले हेरिटेज ओलंपियाड में शामिल होकर जाने कितनी समझ है अपनी विरासत की**

युवाओं ने शुरू किया संस्कृति स्टार्टअप, 18 को होगा ऑनलाईन टेस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। यदि आप अपनी सांस्कृतिक विविधता और विरासत की समझ को टटोलना चाहते हैं तो आप हिस्सा बन सकते हैं हेरिटेज ओलंपियाड का। 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे हेरिटेज ओलंपियाड में चार वर्ग में बच्चे और अन्य प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

'संस्कृति' स्टार्ट अप की ओर से भारत में पहली बार संस्कृति और विरासत से जुड़ी संभवतः यह पहली ओलंपियाड है। ÷संस्कृति÷ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री अंचिता बी नायर ने बताया कि उनके इस प्रयास को विश्व विद्यालय तथा विद्यालयों ने विशेष तौर पर सराहा है। विश्व विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य कर रही संस्था युनेस्को, राष्ट्रीय रेल म्यूजियम, म्यूजियम्स ऑफ इंडिया, शाहपीडिया, नेहरू प्लेनेटोरियम, बनस्थली विद्यापीठ, नारायणा विज्ञान फाउंडेशन, पोटली, इंडिया हेरिटेज वॉक्स, ट्रीप मॉई वे , कोलकाता सेंटर फॉर क्रियेटिविटी समेत कई अन्य संगठनों ने संस्कृति के प्रयासों को समर्थन और सहयोग प्रदान किया है।

उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को आयोजित इस ओलंपियाड में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीयन http://www.heritageolympiad.com/ पर जाकर कराना होगा।

राजधानी के दो युवाओं ने किया शुरू

रायपुर से जुड़ी और वर्तमान में दिल्ली में कार्यरत सुश्री अंचिता ने बताया कि दो युवाओं ने मिलकर संस्कृति स्टार्टअप की कल्पना की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों और विषयों पर लोग कार्य करते हैं पर संस्कृति और विरासत को लेकर बच्चों, युवाओं तथा विद्यार्थियों को एक स्थान पर जानकारी नहीं मिल पाती है। विषय का विश्वसनीय होने के साथ ही उसे रोचक ढंग से प्रस्तुत करना भी आवश्यक होता है। इससे बच्चों में इन विषयों के प्रति रूचि बढ़ती है।

पहली बार ओलंपियाड का आयोजन

सुश्री अंचिता ने बताया कि यूनेस्को जैसे संगठनों और संस्थाओं ने इस हेरिटेज ओलंपियाड को संबल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत में इस विरासत से जुड़े विषय पर पहली बार कोई ओलंपियाड का आयोजन हो रहा है। इस ऑनलाइन हेरिटेज ओलंपियाड में हमारी विभिन्न संस्कृतियों, विश्व की अनेक सभ्यताओं, परंपराओं और विरासत से जुड़े सवाल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में चार वर्ग में प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। इसमें पहले समूह में कक्षा 5 से 7 तक के बच्चे , समूह दो में कक्षा आठवीं से दसवीं तक ,तीसरे समूह में ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चे तथा चौथे समूह में अन्य सभी युवा तथा विरासत से जुड़ाव रखने वाले लोग शामिल हो सकेंगे। ओलंपियाड में हिस्सा लेने तथा अधिक जानकारी के लिए **http://www.heritageolympiad.com/** पर विजीट कर सकते हैं।

मौसम में बदलाव के चलते राज्य में आंधी तूफान के साथ तेज बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। अप्रैल माह में जमकर पड़ रही गर्मी ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश भर में अप्रैल के पहले हफ्ते में तेज गर्मी के साथ ही लू के थपेड़े लोगों को झेलने पड़ रहे हैं। उत्तर भारत और देश के मध्य हिस्से में हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ उत्पन्न होने के चलते छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के अधिकांश भागों में तेज रफ्तार आंधी हवा 40 से 50 प्रति किमी घंटा रहेगी। साथ ही 15 से 17 अप्रैल के बीच अनेक हिस्सों में तेज बारिश होगी। छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे में मध्यप्रदेश और विदर्भ के साथ बारिश होने की संभावना है।

राज्य में अच्छी बारिश होने का अनुमान

केंद्रीय मौसम विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिणी प्रायद्वीप क्षेत्र में भी अगले पांच दिनों तक तेज रफ्तार हवाओं के साथ अच्छी बारिश होगी। प्रभावित होने वाले राज्यों में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों के साथ ही पश्चिमी राजस्थान में बारिश के संभावना के साथ धूल भरी आंधी एवं बारिश की संभावना जताई गई है।

न्यूज गैलरी

दुर्ग में मेडिकल सुविधाओं के साथ 2 सौ बेड का कोविड सेंटर खोलने की मांग : सीएम की वीडियो कांफ्रेंसिंग में महापौर ने मांग की

दुर्ग (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश के विधायकों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए कोरोना संकट के कारण उत्पन्न हुए हालात का जायजा लिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग में महापौर धीरज बाकलीवाल ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए दुर्ग में कोरोना पीड़ितों के लिए 200 बेड का कोविड सेंटर शीघ्र खोलने की मांग की है। महापौर ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए आक्सीजन सुविधायुक्त बेड, वेंटिलेटर बेड आदि सभी सुविधाओं के साथ कोविड सेंटर खुलने से मरीजों को राहत मिलेगी। समय पर उनका इलाज हो सकेगा। महापौर ने मुख्यमंत्री से एक और समस्या का जिक्र करते हुए बताया कि कोरोना के लक्षण दिखने पर लोगों का रैपिड एंटीजन टेस्ट होता है। इसकी रिपोर्ट निगेटिव आने पर आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाता है जिसकी रिपोर्ट आने में चार-पांच दिन या इससे भी ज्यादा समय लग जाता है। इस दौरान लक्षण वाले मरीज की रैपिड टेस्ट निगेटिव होने पर उसे किसी भी कोविड अस्पताल में भर्ती नहीं किया जाता है और इलाज की सुविधा नहीं मिल पाती है। चार पांच दिन बाद आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव होने पर ही कोविड अस्पतालों में भर्ती कर इलाज शुरू होता है। इलाज में देरी के कारण लोगों की हालत बिगड़ जाती है। महापौर ने कहा कि ऐसे मरीजों के लिए कम से कम 50 बेड की सुविधा के साथ आइसोसेशन सेंटर शुरू होना चाहिए ताकि, ताकि डॉक्टरों की देखरेख में मरीजों का समुचित इलाज किया जा सके। महापौर ने रेमडेसिविर इंजेक्शन की कमी, जिला अस्पताल में ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाने सहित अन्य मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने की मांग भी की है।

धमधा पहुंचे कलेक्टर, कोविड केयर के लिए 20 आक्सीजन युक्त बेड की होगी व्यवस्था

दुर्ग (नव प्रदेश)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे आज धमधा ब्लाक पहुँचे। यहाँ कोविड केयर के लिए आक्सीजन युक्त 20 बेड का सेंटर तैयार किया जा रहा है। एसडीएम श्री बृजेश कुमार क्षत्रिय ने बताया कि कोविड सेंटर के लिए चिकित्सकों का तथा नर्सिंग स्टाफ का चयन कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सेंटर में जरूरी दवाईयाँ रखें। साथ ही मरीजों के आक्सीजन लेवल पर पूरी नजर रखें। यदि आक्सीजन लेवल ड्राप होता है तो जिला मुख्यालय स्थित हायर सेंटर में रिफर करें। कलेक्टर ने कहा कि टेस्टिंग की व्यवस्था भी पुख्ता हो तथा टीकाकरण का कार्यक्रम भी लक्ष्य अनुरूप पूरा होता रहे।

श्रमिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

दुर्ग (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढते संक्रमण के कारण एवं इसमें उत्पन्न विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, प्रदेश के भीतर कार्यरत श्रमिक अथवा अन्य राज्यों में रोजगार हेतु प्रवास पर गए श्रमिक, अथवा अपने जिले से अन्य जिलों पर रोजगार हेतु प्रवास पर जाने वाले श्रमिक, या उन्हे वर्तमान कार्यस्थल पर कोई समस्या हो, या रेल अथवा बस के माध्यम से छत्तीसगढ़ मे वापसी पश्चात गृह नगर जाने में अथवा कोविड-19, कोरोना वायरस से संबंधी कोई समस्या हो तो ऐसे समस्या को श्रम विभाग के श्रम सुविधा केन्द्र (हेल्प लाईन सेंटर) से परामर्श एवं आवश्यकता अनुसार सहयोग करने के लिए छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल, शांती नगर रायपुर, में प्रारंभ किया जा रहा है । इस श्रमिक सुविधा केन्द्र में वर्तमान में मोबाईल नंबर 9109849992, दुरभाष नंबर 0771-2443809 के माध्यम से श्रमिको के कॉल सुने जाऐंगें एवं इन श्रमिकों की मदद की जायेगी। यह सुविधा श्रमिको हेतु 24 घंटे होगी ।

ई-पास, अंत्येष्टि और वैवाहिक अनुमति के लिए इस नंबर पर फोन करें

दुर्ग (नव प्रदेश)। ई-पास, अंत्येष्टि और वैवाहिक अनुमति के लिए नंबर 07882322009 से संपर्क किया जा सकता है। इस नंबर में आपके स्टेटस की जानकारी और दुविधाओं का समाधान किया जाएगा।

वाक इन इंटरव्यू, स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों के लिए

दुर्ग (नव प्रदेश)। स्वास्थ्य विभाग, दुर्ग जिले में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में विभिन्न पदों मे 3 महीने की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। मेडिकल ऑफिसर, स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स तथा आईसीयू प्रशिक्षित स्टाफ नर्स का इंटरव्यू 13 और 19 अप्रैल को होगा। एएनएम, वार्ड बॉय तथा लैब टेक्नीशियन का साक्षात्कार 14 अप्रैल एवं 20 अप्रैल को होगा। समय 10 बजे से 5 बजे तक होगा। भर्ती के लिए आये आवेदकों को अपने मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे। इसकी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट में देखी जा सकती है।

आयुक्त की उपस्थिति में दुकानदारों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही

रिसाली (नव प्रदेश)। निगम क्षेत्र रूआबांधा के सब्जी मार्केट छत्तीसगढ़ सब्जी मंडी के दुकानदारों द्वारा दुकान खोलकर व्यवसाय किये जाने के जानकारी के बीच आम नागरिकों के शिकायत पर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण कर खुले दुकानों को बंद कराया। इस दौरान आयुक्त ने निगम की उड़नदस्ता टीम को दुकानदारों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 15 दिनों के लिए दुकान को सील करने के निर्देश दिये। कार्यवाही के दौरान लॉकडाउन का उल्लंघन किये जाने पर दो फल की दुकाने, एक सब्जी की दुकान तथा एक चिकन की दुकान को निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने स्वयं उपस्थित होकर दुकानदारों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही पूर्ण कराया गया।
इ

निधन-

कृष्ण कुमार बेलचंदन

भिलाई (नव प्रदेश)। गायत्री प्रज्ञा मंडल हुडको के अध्यक्ष कृष्ण कुमार बेलचंदन (80 वर्ष) निवासी एमआईजी -1/ 934 हुडको, का 12 अप्रैल सोमवार को सेक्टर 9 अस्पताल में इलाज के दौरान दोपहर 12:00 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अप्रैल को ही दोपहर 2:00 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील, अनिल व प्रनील के पिता थे।

अपील | आपातकाल में मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जा रहा

कोविड केयर में करें सहयोग, बरतें सावधानी-डॉ इस्सर

नव प्रदेश संवाददाता

> कई मरीजों को अनावश्यक रूप से रेमडीसिविर का इंजेक्शन लगाने की जिद करते हुए देखा गया है। विदित हो कि रेमडीसिविर का इंजेक्शन माइल्ड सिम्टम वाले कोविड मरीजों को नहीं दिया जाता है। डॉक्टर द्वारा मरीज के इंफेक्शन की स्थिति को देखते हुए लगाया जाता है। यह इंजेक्शन सिर्फगंभीर कोविड मरीजों को ही लगाया जाता है।

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कार्मिकों तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कोविड केयर हेतु निरन्तर कई कदम उठाए है जिसमें बेड की संख्या में वृद्धि करने के साथ ही ऑक्सीजन बेड की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की गयी है। इसी प्रकार आईसीयू बेड से लेकर टेस्टिंग तक सभी सुविधाओं में निरन्तर वृद्धि की जा रही है। इसके साथ ही बचाव के लिए टीकाकरण अभियान में भी तेजी लायी गयी है।

परंतु आज कोविड के बढ़ते केस के कारण बीएसपी के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र में कोविड मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इसमें से कई मरीज ऐसे है, जिन्हें चिकित्सालय में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है। इस संदर्भ में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) डॉ एस के इस्सर ने मरीजों से संयम व धैर्य बरतने की अपील की है। साथ ही मेडिकल बिरादरी पर भर्ती करने हेतु अनावश्यक दबाव न बनाने का अनुरोध किया है। डॉ इस्सर ने कहा है कि मरीज की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सक द्वारा आवश्यक ट्रीटमेंट प्रदान किया जा रहा है। अस्पताल के लिए गंभीर मरीजों की चिकित्सा पहली प्राथमिकता है। अतः कोविड के सामान्य सिम्टम वाले मरीजों से अपील है कि वे सीधे अस्पताल में भर्ती होने की जिद न करें। कोविड के कई मरीजों को उनकी स्थिति को देखते हुए होम आइसोलेशन में चिकित्सा प्रदान किया जा रही है। जिसके तहत मरीजों को आवश्यक सलाह के साथ, निर्धारित दवाईयों की किट भी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही इनके मॉनीटरिंग के लिए चिकित्सकीय टीम का निर्माण किया गया है, जो मरीजों के स्थिति की दिन में 2 बार फोन के माध्यम से निगरानी कर रहे है।

मेडिकल के ईडी डॉ एस के इस्सर ने कोविड मरीजों से इसके इलाज में सहयोग करने की अपील करते हुए लोगों को व्यवस्था बनाये रखने हेतु निम्न सुझाव दिए हैं- सभी कोविड मरीज अपने ऑक्सीजन लेवल की नियमित जांच करें और अगर साँस लेने में तकलीफहो तो अस्पताल से संपर्क करें। डॉक्टरों पर माइल्ड सिम्टम वाले कोविड मरीजों को अनावश्यक रूप से भर्ती करने का दबाव न बनायें। सभी मरीज इस इंजेक्शन को लगाने की जिद न करें। यह निर्णय विशेषज्ञ चिकित्सकों पर छोड़ें।

कॉन्फ्रेंसिंग में वोरा ने मुख्यमंत्री से की व्यवस्था बढ़ाने की मांग

■ जिला अस्पताल एवं सीएम कचांदुर में सुविधा बढ़ेः वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश में कोरोना नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधायकों से चर्चा की। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित दुर्ग जिला मुख्यालय से वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा ने कोरोना के अग्रेसिव उपचार की मांग रखते हुए कहा कि जिले के सरकारी अस्पताल में बिस्तरों की संख्या के साथ सुविधाएं बढ़ाने की आवश्यकता है। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीबों को निजी अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके। वेंटिलेटर, आईसीयू और ऑक्सीजन बेड के साथ ही कोरोना नियंत्रण में कारगर रेमडीसीवर की अधिक से अधिक आपूर्ति अस्पतालों एवं दवा दुकानों में सुनिश्चित की जाए। जिले में रैपिड एंटीजन किट की कमी को तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्ग शहरी क्षेत्र में कोरोना संक्रमण का फैलाव अधिक है पॉजिटिविटी दर 50त्न से अधिक जा पहुंची है इससे लॉक डाउन के बाद भी कोई लाभ अब तक नहीं हुआ है। जांच केंद्रों की संख्या सीमित होने के कारण भीड़ अधिक हो रही है जिसके लिए तीन पालियों में टेस्ट करवाने की जरूरत है। साथ ही एम्बुलेंस एवं शव वाहन की कमी को तत्काल दूर किया जाए। वोरा ने कोरोना आपदा के लिए 50 करोड़ की राशि व 6 जिलों में विद्युत शवदाह गृह हेतु अलग से राशि जारी करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के प्रभारी पी एल पुनिया, डॉ चंदन यादव समेत सभी जिला अध्यक्ष व विधायक शामिल थे।

5 किराना स्टोर्स, एक जनरल स्टोर्स पर निगम ने की कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आयुक्त हरीश मंडावी के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग का हमला आज लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले 5 किराना स्टोर, और एक जर्नल स्टोर पर कार्यवाही कर 4500 रुपया जुर्माना लगाया । अमला ने दुकानदारों को हिदायत देकर कहा लॉकडाउन में किसी भी प्रकार से दुकान नहीं खोलना है घर में रहे मास्क का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंस का पालन करें दोबारा सामान विक्रय करने की शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा राजस्व निरीक्षक निशांत यादव ईश्वर वर्मा भगवान दास साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे । नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र के गिरधारी नगर में संतोषी किराना स्टोर, गुप्ता किराना स्टोर, चांदनी किराना स्टोर, कान्हा किराना स्टोर और कला किराना स्टोर के अलावा उरला अटल आवास में सागर किराना स्टोर के द्वारा लॉक डाउन का उल्लंघन करते हुए दुकान खोल कर सामान बेचा जा रहा था जिसकी सूचना शिकायत आम जनता द्वारा किए जाने के उपरांत आयुक्त श्री मंडावी के निर्देश पर सागर किराना स्टोर और कला किराना स्टोर पर ?500 500 का जुर्माना किया गया शेष किराना दुकानों पर 1000 ?1000 का जुर्माना लगाया गया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई।

सार्वजनिक क्षेत्र व आवाजाही वाले स्थानों को किया जा रहा सेनेटाइज

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए सैनिटाइजिंग का कार्य निरंतर जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला सैनेटाइज का कार्य सभी क्षेत्रों में कर रहे है। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लॉकडाउन के दौरान अनावश्यक रूप से घर से न निकले। संक्रमण मुक्त रखने के लिए सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव किया जा रहा है ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। सभी जोन के टीम कोरोना पॉजीटीव वाले मरीज के घर के साथ ही वार्डो, भीतरी गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सेनेटाइज कर संक्रमण की रोकथाम में जुटे हुए है। निगम क्षेत्र में सेनेटाइज कार्य को लेकर अधिकारी मॉनिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे है।

वार्ड पार्षदों की सक्रियता से वार्ड और शहर हो रहा सेनेटाइज

नागरिकों से अपील घर पर रहें, मास्क पहनें- आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने आम नागरिकों से अपील कर कहा है कि शहर में कोरोना संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पूरे शहर व 60 वार्ड को सैनिटाइजिंग कर छिड़काव किया जा रहा है । उन्होंने बताया शहर को सुरक्षित करने के कार्य में सभी वार्डो के पार्षद लॉकडाउन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं । समस्त आम नागरिकों से अपील है कि वे अपने घरों में सुरक्षित रहें घर से बाहर ना निकले आवश्यक होने पर मास्क लगाकर बाहर निकले और सोशल डिस्टेंस का पालन करें।

150 से 200 लीटर सेनेटाइजर का हो रहा छिड़काव: आयुक्त हरीश मंडावी ने बताया कि विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा अनुरुप वार्ड पार्षदों के सहयोग से पूरे शहर में 150 से 200 लीटर प्रतिदिन सैनिटाइजर का छिड़काव कर शहर को सुरक्षित किया जा रहा है । नगर निगम और वार्ड पार्षदों के इस प्रयास में आम नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है अतः सभी नागरिक अपने घर पर ही रहें , मास्क लगाएं, सैनिटाइजिंग का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंस का पालन करें ।

टैंकर, सेनेटाजिंग मशीन और सीकर से हो रहा छिड़काव

आयुक्त मंडावी ने बताया वार्ड पार्षदों के सहयोग से समूचे 60 वार्डो में सीकर के माध्यम से 11 गली और बस्ती को सैनिटाइजिंग कराया जा रहा है साथ ही एक टैंकर और तीन सैनिटाइजिंग मशीन से भी शहर को बाजार क्षेत्र को सैनिटाइज किया जा रहा है ।

लॉकडाउन में बेजुबानों की सुध ले रहा एनीमल सेवियर्स

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। लॉकडाउन में इंसान तो अपनी जरूरतें किसी से बोलकर पूरा कर रहा है, पर बेजुबान जानवर न तो किसी से अपनी भूख बता पा रहे हैं और न ही अपनी बीमारी को प्रदर्शित कर सकते हैं। ऐसे बेजुबानों की लॉकडाउन में हो रही दशा को सेक्टर -1 के एनीमल सेवियर्स ग्रुप ने अहसास किया और उनकी सुध ले रहे हैं।

एनीमल सेवियर्स ग्रुप शहर में घूमने वाले कुत्ते, गाय, बैल जैसे बेजुबानों पर न केवल प्यार उड़ेलता है बल्कि उनके लिए जरूरत के वक्त भोजन और दवाई का भी इंतजाम करता है। कोरोना के चलते अभी शहर में लॉकडाउन जारी है। इस वजह से शहर के सभी मार्केट और खानपान की दुकानें बंद है। खुले में घूमने वाले बेजुबानों को सामान्य दिनों में भोजन जुटाने में विशेष दिक्कत नहीं होती, लेकिन अभी उन्हें पीने के पानी तक के लिए भटकना पड़ रहा है। बेजुबानों की इस हालत को एनीमल सेवियर्स ग्रुप के सदस्यों ने महसूस किया। इसके साथ ही ग्रुप के सदस्य भिलाई टाउनशिप, वैशाली नगर एवं पावर हाऊस आदि इलाके में घूम-घूम कर बेजुबानों की सुध ले रहे हैं। इस काम को एनीमल सेवियर्स ग्रुप के अंजली सिंह, अंकिता सहाय , तन्वी शुक्ला, अमित चौधरी, जे डी शुक्ला, आदर्श राय, राजबीर, निखिलेश, आकाश साहू अपने सहयोगियों के साथ निस्वार्थ भाव से इस सेवा कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

युवा वर्ग भी रखे बेहद सतर्कता, युवाओं को भी हो रहा संक्रमण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना से जिले में हो रहे संक्रमण की समीक्षा करने पर पाया गया है कि जिले में कोविड से युवा भी गंभीर रूप से संक्रमित हो रहे हैं और कुछ की मृत्यु भी इससे हो रही है। कम उम्र के युवाओं को भी इससे संक्रमण हो रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि कोरोना को लेकर हर आयु वर्ग के नागरिक को बेहद एहतियात रखने की जरूरत है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने युवाओं से अपील की है कि कोविड के खतरे की गंभीरता को देखते हुए बेवजह बाहर निकलने का किसी तरह से जोखिम ना लें। इसके संक्रमण से उन्हें गंभीर संक्रमण का खतरा तो हो ही सकता है इसके साथ ही वे संक्रमण अपने घर के बुजुर्गों और कम प्रतिरोधक क्षमता वाले परिजनों को तक पहुंचा सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि लक्षण उभरते ही अथवा पॉजिटिव मरीज के निकट संपर्क में रहने पर तुरंत ही टेस्ट कराएं। चिकित्सक के परामर्श पर होम आइसोलेशन अथवा अस्पताल में भर्ती किए जाने से संबंधित कार्रवाई की जाएगी। टेस्ट के नतीजे आने तक अपने आइसोलेशन का पूरा ध्यान रखें, इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही आपके परिजनों को संकट में डाल देगी। उन्होंने अपील की है कि कोविड के खतरे के संबंध में किसी भी तरह से लापरवाही न बरतें।

कोरोना संक्रमण की चैन तोड़ने भिलाई क्षेत्र में 13 दिनों में 89971 लोग लगवा चुके है कोविड का टीका

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है, कोविड का टीका लगाने लोग अपने क्षेत्र के नजदीकी केन्द्रों में पहुंच रहे है। अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाने पूरा निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला लगा हुआ है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है, पिछले 13 दिनों में अभियान चलाकर 89971 लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। निगम के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में भिलाई में विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है।

अन्य राज्यों के यात्री 7 दिनों के लिए क्वारंटीन

विकासखंडों में भी मजबूत होगा कोविड केयर का इंफ्रास्ट्रक्चर

■ कंटेनमेंट जोन एवं हाटस्पाट में सख्त निगरानी के निर्देश, मास्क नहीं लगाने वालों को जुर्माना और मास्क भी दिया जाएगा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अन्य राज्यों से जिले में आए यात्री 7 दिन के लिए क्वारंटीन होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्वारंटीन सेंटर प्रभावी होंगे। पूर्व की तरह स्टेशन पर आ रहे यात्रियों की जाँच होती रहेगी। यह निर्देश कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अधिकारियों को कोविड संक्रमण की रोकथाम को लेकर हुये एक महत्वपूर्ण बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि कंटेनमेंट जोन एवं हाटस्पाट में सख्त निगरानी की जरूरत है। लाकडाउन का पूरी तरह पालन हो, यह सुनिश्चित होता रहे। जो लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं उन पर जुर्माना लगाएं तथा उन्हें मास्क भी वितरित करें। बैठक में एसपी श्री प्रशांत ठाकुर ने भी अधिकारियों को कोरोना गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। टीकाकरण कार्य का लक्ष्य शीघ्र पूरा हो जाए। साथ ही अर्धसैनिक बलों के जवानों का भी टीकाकरण कार्य हो जाए। ग्राम पंचायतों में भी क्वारंटीन सेंटर की व्यवस्था प्रभावी हो तथा यहाँ आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में पल्स आक्सीमीटर रखने कहा गया है साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी पल्स आक्सीमीटर दिये गए हैं। कोविड के लक्षणों वाले मरीजों के संबंध में तुरंत बीएमओ को जानकारी दें ताकि उन्हें आइसोलेट किया जा सके और टेस्ट कराया जा सके। कलेक्टर ने अस्पतालों की प्रभावी व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सर्वोत्तम इलाज के साथ ही बेहतर साफसफाई और गुणवत्तायुक्त भोजन पर भी नजर रखें। इस संबंध में किसी भी तरह की जरूरत होने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, अपर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश सर्वे, श्री बीबी पंचभाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विकासखंडों में भी कोविड केयर की होगी पुख्ता व्यवस्था- विकासखंड मुख्यालयों में भी कोविड केयर की पुख्ता व्यवस्था होगी।

45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक जरूर लगवाएं टीका

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक नजदीकी टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर कोविड का टीका जरूर लगवाएं। जिला टीकाकरण अधिकारी श्री सुदामा चंद्राकर ने कहा कि कोविड का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। कोविड से प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने कोविड का टीका जरूरी है। जिले में 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को बीमारी से बचाने के लिए टीका लगाया जा रहा है। यह टीका नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में लगाया जा रहा है। टीका लगाने की सुविधा चिन्हांकित प्राइवेट अस्पतालों में भी है। जिला टीकाकरण अधिकारी श्री सुदामा चन्द्राकर ने जिले के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों से अपील की है कि कोविड से प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने टीका अवश्य लगाएं। कोविड का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं हो रहा है। अभी तक लगभग साढ़े तीन लाख लोगों ने कोविड का प्रथम डोज लगवा लिया है। श्री चंद्राकर ने बताया कि कोविड से प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने बहुत आवश्यक है कि टीका जरूर लगाएं। टीका लगाने के बाद भी अनिवार्य रूप से सैनिटाइजर का प्रयोग करें। सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें। श्री चंद्राकर ने कहा कि जिन लोगों को टीके का दूसरा डोज लगना है वह समय पर अपना निर्धारित दूसरा डोज लगवा लें। लॉक डाउन में भी टीका लगाया जा रहा है। किसी तरह की रोकटोक नहीं है।

प्रदेश में कोरोना बेकाबू, हालात चिंताजनक

- उपचार के दौरान 82 की हुई मृत्यु, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सर्वाधिक प्रभावित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। लाख कोशिशों के बाद भी छत्तीसढ़ में कोरोना का ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन प्रदेश में कोरोना कहर के चलते स्थिति बेकाबू हो गई है। गत दो दिनों से आंकड़ों में आए ग्राफ लोगों में दहशत पैदा कर रहे हैं। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल मेकाहारा में बैड फुल होने के बाद मरचुरी भी फुल हो चुकी है। अस्पताल की अव्यवस्था के चलते कोविड-19 संक्रमितों की लाश खुले में रखनी पड़ रही है। ज्ञातव्य है कि पिछले दो दिनों में उपचार के दौरान 100 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। प्रदेश में श्मशान घाट फुल हो चुके हैं। चिताओं को शेड के बाहर जलाना पड़ रहा है। शहर सहित प्रदेश में इन दिनों कोरोना संक्रमितों की संख्या में एकाएक बढ़त के कारण हालात गंभीर हो गये हैं। प्रदेश में एक के बाद एक जिला कलेक्टरों द्वारा लॉक डाउन लगाया जा रहा है। वहीं कोरोना संक्रमितों की जान बचाने के लिए उपयोग में आने वाला प्रमुख इंजेक्शन रेमडेसीविर की कमी के चलते मारा मारी की स्थिति है। निजी अस्पतालों में भी उक्त इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। मेडिकल कॉम्प्लेक्स में जिन दुकानों में इंजेक्शन है वहां भी स्थिति आज भर बिक्री की बची है। उक्त स्थिति के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने आज उक्त इंजेक्शन की उपलब्धता के लिए दो अधिकारी हैदराबाद एवं मुम्बई रवाना किये हैं। कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार वृद्धि के कारण रायपुर में 2833 मरीज कोरोना वायरस होने के कारण सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों को जगह फुल होने का हवाला देते हुए भर्ती करने से इंकार किया जा रहा है। कोरोना वायरस कोविड-19 के द्वितीय चरण में गत 24 घंटे में पहली बार कोरोना संक्रमितों की संख्या 10521 पहुंची है। उपचार के दौरान 82 मरीजों की मृत्यु हुई। रविवार रात 8 बजे जारी बुलेटिन के अनुसार विगत 24 घंटे में सर्वाधिक रायपुर 2833, दुर्ग 1650 एवं राजनांदगांव में 759 मरीज कोरोना संक्रमित दर्ज किये गये हैं। प्रदेश की राजधानी रायपुर की स्थिति इन दिनों काफी गंभीर है। वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर कलेक्टर रायपुर द्वारा 10 दिवसीय लॉकडाउन लगाया गया है। कोरोना सेंटर के अनुसार प्रदेश में अब तक सर्वाधिक 4,43,297 कोरोना मरीज दर्ज किये गये हैं। अस्पताल से डिस्जार्ज होने वाले 108247 मरीज है वही अब तक होम आईसोलेशन एवं हास्पिटल से डिस्जार्च होने वाले मरीजों की संख्या 2,39874 है। प्रदेश में 24 घंटे में होम आईसोलेशन से डिस्जार्च होने वाले मरीज 5565 एवं 24 घंटे में अस्पताल से डिस्जार्च होने वाले मरीज 142 है। सक्रिय मरीज 90277 है। जबकि 40,178 का कोरोना टेस्ट किया गया है।

जिलेवार कोरोना संक्रमितों के मामले निम्नानुसार है

दुर्ग-1650, राजनांदगांव-759, बालोद-282, बेमेतरा-229, कबीरधाम-215, रायपुर-2833, धमतरी-257, बलौदाबाजार-403, महासमुंद-354, गरियाबंद-298, बिलासपुर-624, रायगढ़-273, कोरबा-455, जांजगीर-चांपा-329, मुंगेली-207, पेण्ड्रागौरेला मरवाही-85, सरगुजा-249, कोरिया-109, सूरजपुर-161, बलरामपुर-53, जशपुर-255, बस्तर-131, कोण्डागांव-45, दंतेवाड़ा-41, सुकमा-07, कांकेर-198, नारायणपुर-11, बीजापुर-03, अन्य राज्य से 5 कोरोना मरीज पाया गया है।

न्यूज गैलरी

नगरीय प्रशासन मंत्री ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया एक माह वेतन

रायपुर। कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी से रोकथाम के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपना एक माह का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने की घोषणा की है। मंत्री डॉ.डहरिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में कोरोना से निपटने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गतवर्ष बहुत से लोगों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में यथासंभव अपना सहयोग प्रदान किया था। इस साल भी इस आपदा से निपटने के लिए सबके सम्मिलित सहयोग की जरुरत है। इसलिए हमने अपने एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में समर्पित किया है। उन्होंने जनता से अपील की है कि घर पर रहें और शासन के नियमों का धैर्यपूर्वक पालन करें। उन्होंने आग्रह किया है कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं और यथासम्भव मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग राशि जमा करके अपना योगदान दें।

मंत्री ने आरंगवासियों से की अपील, कोरोना से बचकर रहें

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री तथा आरंग के विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया ने प्रदेश के नागरिकों सहित क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे कोरोना के संक्रमण से बचने लॉकडाउन में घर पर ही रहें। मंत्री डॉ.डहरिया ने अपने संदेश में कहा है कि एक बार फ्रि कोरोना महामारी ने विकराल रूप लेकर हम सबकों खतरे में डाल दिया है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी आपका और आपके परिवार को खतरे से बचाए रख सकता है। उन्होंने प्रदेश को कोरोना संक्रमण से जल्द मुक्त करने तथा इस गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मंत्री डॉ.डहरिया ने अपील करते हुए कहा है कि आप सभी प्रयास करे की अपने घर पर ही रहे, भीड़-भाड़ वाले स्थान में जाने से बचे। अभी किसी प्रकार का सामूहिक आयोजन न करे। मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग करें और अपने हाथों को साबुन से बार-बार धोते रहे, बुजुर्गा और बच्चों का ख्याल रखे।

कोरोना संक्रमण को रोकने भिलाई, रिसाली और बीरगांव के लिए एक करोड़ रुपए की स्वीकृति

रायपुर। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने प्रदेश के भिलाई, रिसाली और बीरगांव नगर पालिक निगमों में कोविड 19 के तीव्र प्रसार के रोकथाम और जन सामान्य को राहत पहुचाने के उद्देश्य से सुसंगत उपकरण, आवश्यक उपाय एवं सामग्री ऋय करने हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार कर अधोसंरचना मद से कुल एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा भिलाई के लिए 50 लाख, रिसाली के लिए 25 लाख और बीरगांव के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री डॉ.डहरिया की इस पहल से इन नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी।

छग बुजुर्ग सेवा कल्याण समिति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता से पुलिस ने किया दुर्व्यहार

रायपुर। कोरोना संक्रमण में लगातार इजाफा होने के कारण कलेक्टर रायपुर द्वारा 9 अप्रैल से 19 अप्रैल के मध्य कड़ा लॉक डाउन लगाया गया है। अतिआवश्यक सेवाओं के तहत मेडिकल, चिकित्सक, अस्पताल पैरामेडिकल स्टाफ एवं घरों में बुजुर्गों की सेवा करने वाले स्वयं सेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं को छूट प्रदान की गई है। दूध, अखबार का वितरण इनमें शुमार है। बावजूद इसके परिचय पत्र होने के बाद भी आज केनॉल रोड में पीसीआर वैन में गश्त कर रही पुलिस ने छत्तीसगढ़ बुजुर्ग सेवा कल्याण समिति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को बुजुर्ग के घर जाने के दौरान न केवल रोका अपितु दुर्व्यवहार भी किया।गौरतलब है कि अस्पतालों के अलावा ऐसे अनेक पैरामेडिकल प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं जो विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों में शामिल होकर शहर के बुजुर्गा के घरों में जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। कलेक्टर रायपुर के आदेश का हवाला देकर पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा इस तरह की हरकत आपत्ति जनक है।

लॉकडाउन में विजय सिंधी सेवा मंच बना बेजुबान पशुओं और गरीबों का सहारा

रायपुर। कोरोना के बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए शासन ने आज से जिले में सख्त लॉकडाउन लगा दिया है, ऐसे में विजय सिंधी सेवा मंच को गरीबों और बेजुबान पशुओं की चिंता सता रही है, इसी को देखते हुए विजय सिंधी सेवा मंच ने आज से लॉकडाउन में बेजुबान पशुओं और गरीबों को भोजन कराने का ज़िम्मा उठाया है। आपको बता दें की इस नवगठित टीम ने अपने - अपने घरों से रोटी बनवा कर गरीबों और खासकर बेजुबान पशुओं को भोजन करवा रही है। विजय सिंधी सेवा मंच के संस्थापक व युवा समाज सेवी प्रतीक राज गावरी व प्रशांत गावरी ने बताया की इस विकट घड़ी में हम सब को अक्सर खुद की और अपने परिवार जनों की चिंता सताती है किन्तु हम सब ये नहीं सोचते की विकट परिस्थिति में हम सब को खुद के साथ साथ बेजुबानो जानवरों और गरीबों का बारे में भी मनन चिंतन करना चाहिए। इसी उद्देश्य को सार्थक करने के लिए वी.एस.एस.एम. के सक्रिय सदस्यों ने आज से बेजुबानो और गरीबों को यथा शक्ति भोजन उपलब्ध कराने का ज़िम्मा उठाया है। यह मंच आपसे भी निवेदन करता है की आप अपने आस-पास दिखने बेजुबान पशुओं को भोजन अवश्य कराएं उन्होंने ने कहा की अगर इस सेवा कार्य में कोई हमसे जुड़ना चाहता है तो हमसे सम्पर्क कर सकतें।

छग में 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले 57 प्रतिशत लोगों को लगा कोरोना से बचाव का पहला टीका

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब तक (11 अप्रैल तक) 45 वर्ष से अधिक उम्र के 33 लाख 52 हजार 706 लोगों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। इनमें से 84 हजार 295 लोगों ने टीके की दूसरी खुराक भी ले ली है। प्रदेश भर में इस आयु वर्ग के कुल 58 लाख 66 हजार 599 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के 57 प्रतिशत लोगों को पहला डोज दिया जा चुका है। स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 45 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को मिलाकर प्रदेश में अब तक कोरोना के टीके का 43 लाख 13 हजार 141 डोज दिया जा चुका है।

प्रदेश के दो लाख 96 हजार 431 स्वास्थ्य कर्मियों और दो लाख 45 हजार 198 फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। इन दोनों श्रेणियों में लक्षित क्रमशः 87 प्रतिशत और 84 प्रतिशत कार्मिकों को पहली खुराक दी जा चुकी है। एक लाख 95 हजार 848 स्वास्थ्य कर्मी और एक लाख 38 हजार 663 फ्रंटलाइन वर्कर्स टीके की दूसरी खुराक भी ले चुके हैं।

कोरोना से निपटने मंत्री डहरिया ने 50 लाख रुपए तक व्यय की दी अनुमति

- नगरीय प्रशासन मंत्री की इस पहल से कोरोना संक्रमण को रोकने में मिलेगी मदद

रायपुर। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने प्रदेश के भिलाई, रिसाली और बीरगांव को छोड़कर सभी नगर पालिक निगमों में कोविड 19 के तीव्र प्रसार के रोकथाम और जन सामान्य को राहत पहुचाने के उद्देश्य से सुसंगत उपकरण, आवश्यक उपाय एवं सामग्री ऋय करने हेतु महापौर निधि से अधिकतम 50 लाख रुपए तक व्यय करने की अनुमति प्रदान की है। मंत्री डॉ.डहरिया की इस पहल से नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि कोविड 19 संक्रमण को रोकने और उपचार की दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रभावी कदम उठाया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा निकाय क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई सहित सेनेटाइजेशन का कार्य भी लगातार चल रहा है। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अंतर्गत स्वच्छता कर्मचारी भी लॉकडाउन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मंत्री डॉ.डहरिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्रों में कोरोना रोकथाम के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। चूंकि कोविड पीडितों की संख्या बढ़ी है ऐसे में स्वाभाविक है कि कुछ स्थानों पर समस्याएं आ सकती है, लेकिन शासन द्वारा इससे भी निपटने पूरी तैयारी है। उन्होंने बताया कि भिलाई, रिसाली, बीरगांव नगर पालिक निगम को छोड़कर अन्य नगर पालिक निगम को महापौर निधि से 50 लाख रुपए तक व्यय करने की अनुमति प्रदान की गई है। इस संबंध में निगम आयुक्तों को स्वीकृति पत्र प्रेषित कर दिया गया है और कोरोना के रोकथाम, जरूरी उपकरण तथा अतिआवश्यक सामग्री ऋय करने की अनुमति होगी। मंत्री डॉ.डहरिया ने बताया कि महापौर निधि से 50 लाख की राशि मिलने से शहरी क्षेत्रों में कोरोना के रोकथाम की दिशा में प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारी- कर्मचारी, स्वच्छता कर्मचारी सहित लॉकडाउन में सेवा दे रहे चिकित्सक, नर्स, पुलिस, समाज सेवियों आदि की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी कोरोना को रोकने की दिशा में तब तक डटे रहेंगे जब तक स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में न हो जाए। गौरतलब है कि कल ही नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिकुमार डहरिया ने कोरोना संक्रमण की वजह से हो रही अधिक मौतों के बाद शवों को जलाने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए और मानवीय संवेदनाओं को ध्यान रखते हुए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, रिसाली और बिलासपुर में विद्युत शवदाह गृह संचालन के लिए 7 दिवस के भीतर अल्पकालीन निविदा हेतु अनुमति प्रदान की है। इससे आपदा की घड़ी में शव का दाह संस्कार करने घण्टों तक मुक्तिधाम में इंतजार करने वाले परिजनों को अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

मानव जगत में आयी पीड़ा हरेंगी माँ दुर्गा, नौ दिन माँ नवदुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व : डॉ महंत



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व है।

डॉ महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ देवी पूज्य स्थल है डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी, बिलासपुर रतनपुर माँ महामाया, रायगढ़ चंद्रपुर माँ चन्द्रहासनी, बस्तर दंतेवाड़ा माँ दंतेश्वरी, कोरबा माँ मड़वारानी, धमतरी माँ अंगारा मोती, रायपुर माँ बंजारी, माँ महामाया की असीम कृपा से प्रदेश में सुख शांति समृद्धि व्याप्त है। नवरात्रि यानी दुर्गा पूजा का शुभारंभ हो जाएगा। हर साल नवरात्रि के साथ एक नए जोश का आगाज होता है।

विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने प्रदेशवासियों से भक्ति के इस पर्व पर शक्ति की प्रार्थना करने की अपील करते हुए कहा कि, ष्ह्व्ङ्क्वढ्ढष्ठ 19 कोरोना संक्रमण का प्रकोप तेजी से बढ़ा है, शक्ति और हिम्मत से ही इस जंग को जीता जा सकता है। प्रदेश के अनेक जिलों में लॉकडाउन है, आप सतर्क रहें आपका परिवार सुरक्षित रहे यही मातारानी से बारंबार प्रार्थना है।

कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से कांग्रेस चिंतित

रायपुर। कोरोना की दूसरी लहर ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। संक्रमण के रोकथाम को लेकर भूपेश सरकार हर दिन मंथन कर रही है। इसी क्रम में आज सीएम बघेल कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कांग्रेस नेताओं से कोरोना के रोकथाम को लेकर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया, पीसीसी चीफमोहन मरकाम समेत प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे। सीएम बघेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कांग्रेस विधायकों से भी कोरोना के रोकथाम को लेकर चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर ने कोहराम मचा दिया है। हर दिन रिकॉर्ड मरीज मिलने से प्रदेश की हालत चिंताजनक हो गई।

मंत्री की पहल से सरगुजा जिला में आयुष्मान से कोरोना का इलाज

निजी अस्पतालों में नहीं लगेंगे पैसे

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री तथा सरगुजा जिला के प्रभारी मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया की पहल से सरगुजा जिला के निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से कोरोना के मरीजों का उपचार संभव हो गया है। जिले के कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में और प्रभारी मंत्री डॉ.डहरिया के निर्देशानुसार सरगुजा जिला प्रशासन द्वारा निजी अस्पतालों में कोरोना के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रारंभ की गई है।

जिला के प्रभारी मंत्री डॉ.डहरिया ने बताया कि उन्होंने जिले में कोरोना के रोकथाम के लिए कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। आयुष्मान के माध्यम से निजी अस्पतालों में भी मुफ्त उपचार हो सके और मरीज के इलाज का खर्च डिस्चार्ज होने के दौरान अस्पताल प्रबंधन को प्राप्त हो इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। प्रभारी मंत्री के निर्देश पर कलेक्टर श्री संजीव झा ने सरगुजा के निजी अस्पतालों में आयुष्मान से मुफ्त इलाज की व्यवस्था प्रारंभ की। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड से कोरोना पीड़ितों का उपचार निजी अस्पतालों में होने से गरीब परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि प्रभारी मंत्री डॉ.डहरिया की पहल पर सरगुजा जिले में निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की अनुमति मिलने के बाद राज्य स्तर पर भी सरगुजा मॉडल को अपनाया जा रहा है।

लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स सीलबंद, दवाईयों के साथ डेलीनीड्स के सामान बेच रहा था

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमित मामले 28 सौ पार कर चुके हैं। कलेक्टर रायपुर द्वारा 9 अप्रैल से 19 अप्रैल तक कड़ा लॉक डाऊन लगाया गया है। मेडिकल स्टोर्स को खुले रखने की छूट का बेजा फायदा उठाते हुए लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स समूह के तेलीबांधा जय जवान पेट्रोल पंप से लगी हुई शाखा के संचालकों द्वारा दवाईयों की आड़ में डेली नीड्स की सामग्री बेची जा रही थी। सूचना मिलने पर सिविल लाईन्स थाना स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर शिकायत को सही पाया एवं तत्काल लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स सीलबंद किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में कोरोना महामारी की विकरालता की वजह से लॉक डाउन किया गया है, ताकि लोग अपने घरों से बाहर ना निकले और खुद को सुरक्षित रख सकें। इस लॉक डाउन में केवल अत्यावश्यक सेवाओं को छूट प्रदान की गई है, जिसमें मेडिकल स्टोर्स शामिल हैं। राजधानी के तेलीबांधा इलाके में एक मेडिकल स्टोर ऐसा भी पाया गया, जहां पर दवाईयों से ज्यादा दूसरे डेली नीड्स के सामानों का स्टॉक भरकर रखा गया था। इसकी जानकारी मिलते ही नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए श्री लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स को सील कर दिया है। राजधानी में यह चौंकानें वाली सच्चाई सामने आई है, जहां लॉक डाउन की वजह से छोटा-मोटा रोजगार कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले भी अपने घरों में दुबककर बैठे हैं, तो दूसरी तरफ मेडिकल संचालक दवाईयों की आड़ में डेली नीड्स के सामान मसलन, आईसक्रीम, वेफर्स, चिप्स, चॉकलेट, कोल्डड्रिंक्स सहित अन्य शौकियाना लोगों के स्टॉक भरकर रखा हुआ था। यह हाल राजधानी के तेलीबांधा इलाके में ठीक ईओडब्लू दफ्तर के सामने मेडिकल स्टोर्स का है, जिसे आज निगम अफसरों और पुलिस की टीम ने रंगे हाथों धर दबोचा और सील कर दिया।

गौर करने वाली बात है कि राजधानी सहित पूरे जिले में 19 अप्रैल तक पूर्ण लॉक डाउन किया गया है।

भाषा का भविष्य हमारे हाथ में है : डॉ. रेशमा अंसारी

- मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग और सृजन ऑस्ट्रेलिया के अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार में विशेषज्ञों का मत



रायपुर। भाषा का भविष्य हमारे हाथ में है और हम अपनी भाषा के प्रति इपनी जिम्मेदारियों का निवर्हन कर इसे बचा सकते हैं। जिस तरह से साहित्य में हिंग्लिश का प्रयोग हो रहा है, वह उचित नहीं है। हमें हमारी भाषा पर गर्व करना चाहिए। हिन्दी के साथ मीडियाा में भी काफी बदलाव आए हैं। यह तमाम बातें ने मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग, न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन, अंतर्राष्ट्रीय ई-पत्रिका सृजन ऑस्ट्रेलिया और सृजन ऑस्ट्रेलिया छत्तीसगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से 'हिन्दी साहित्य और मीडिया का बदलता स्वरूप' विषय पर ऑनलाइन आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में विषय विशेषज्ञों ने कहीं।

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस वेबिनार में ऑस्ट्रेलिया, मॉरिशस सहित देश के विभिन्न राज्यों के 457 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विशेषज्ञ शामिल थे। देश के वरिष्ठ पत्रकार, हिन्दीसेवी तथा भारतीय भाषाओं के संवर्धन के पक्षधर विशिष्ट वक्ता श्री राहुल देव ने कहा कि हम अपनी भाषा को बिगड़ने से रोक सकते हैं क्योंकि भाषा का भविष्य हमारे हाथ में है। हम समाज और संसार को नहीं बदल सकते, अपने को बदलकर अपनी भाषा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बदलाव प्रकृति का अटल मियम है। हमारी निजी सोच रोज बदल रही है, परिवार, जीवन शैली, समाज और पूरा संसार बदल रहा है, तकनीक भी संसार को बदल रही है। इन परिवर्तनों को सचेत होकर देखें और विचारकर समझे। स्थितियों को बदलने से पहले उनको समझना जरूरी है।

वेबिनार के विशिष्ट वक्ता मॉरिशस में रेडियो चैनल के समन्वयक श्री विकास गौड़ ने कहा कि वे मॉरिशस में एक रेडियो जॉकी हैं और बॉलीवुड के कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं जिन्हें लोग पसंद करते हैं। भाषा हमें अपनी पहचान देती है और भाषा की वजह से इतने सारे लोगों से हम मिल पाते हैं। मॉरिशस में फ्रेंच स्कूल के अंदर भी हिन्दी की कक्षाओं को मान्यता मिल गई है। बॉलीवुड के माध्यम से भी लोग जुड़कर हमारे गाने सुन पा रहे हैं, उन्हें किसी न किसी रूप में भाषा सीखने का अवसर मिल रहा है।

वेबिनार के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय ई-पत्रिका सृजन ऑस्ट्रेलिया के प्रधान संपादक डॉ. शैलेष शुक्ला ने कहा कि अंग्रेजी के शब्दों का इस्तेमाल करके हिन्दी को बिगाड़ा जाना उचित नहीं है। हम हिन्दी के जिस बदलते परिदृश्य की बात कर रहे हैं उसका एक चिंताजनक पहलु है कि उसमें जबरदस्ती अंग्रेजी के शब्दों को मिलाया जाता है जो उचित नहीं है। न्यू मीडिया के इस दौर में हिन्दी के नामी अखबार भी अंग्रेजी के उन शब्दों का इस्तेमाल करते हैं जिसके लिए पहले से हिन्दी के सरल व सहज शब्द उपलब्ध हैं। हिन्दी के अखबारों में रोमन लिपि में भी शब्द लिखे जाने लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में किसी भी चीज का इतिहास लिखा जाएगा तो उसके निश्चित रूप से दो खंड होंगे। एक होगा कोविड पूर्व और एक होगा कोविड के पश्चात। कोरोना ने हर क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन लाया है। हिन्दी पर कोरोना का सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव पड़ा है।

हिन्दी के वेबीनार में देश-विदेश के लोग दस-पंद्रह सालों से उपलब्ध तकनीक के माध्यम से जुड़ पा रहे हैं और शिक्षा, अकादमी सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसका उपयोग होना तथा हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार होना सकारात्मक पहलू है। लेकिन अनेक हिन्दी भाषी मीडिया साथियों को रोजगार का अभाव भी झेलना पड़ा है। हिन्दी व अन्य भाषाओं के कंटेट में पश्चिम की नकल बहुत ज्यादा देखने को मिलती है। इस स्वरूप को तोड़ना होगा। हमारे अपने देश में बहुत सी पारंपरिक कहानियाँ हैं चाहे वे वेदों के प्रसंग हों या पंचतंत्र की कहानियाँ, वेद-पुराण हों, इन पर ध्यान देना होगा।

संपादकीय

वैक्सीन लगाने का काम तेज हो

भारत में कोरोना की दूसरी लहर अब डराने लगी है, प्रतिदिन 1 लाख से अधिक लए कोरोना संक्रमित सामने आ रहे है। वह भी तब जबकि कोरोना टेस्टिंग की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है। यदि ज्यादा टेस्टिंग कराई जाएगी तो कोरोना संक्रमितों की संख्या और ज्यादा हो सकती है। देश के आधा दर्जन राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर बेकाबू हो चुकी है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति महाराष्ट्र की है जहां रोज कोरोना संक्रमितों का नया रिकार्ड बन रहा है और एक बार फिर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में मजदूर पलायन के लिए बाध्य हो रहे है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और यूपी बिहार से महाराष्ट्र गए मजदूर वहां संपूर्ण लॉकडाउन होने की सुगबुगाहट के बीच पलायन करने लगे है। ये श्रमिक जिन जिन राज्यों में जाएंगे वहां कोरोना का संक्रमण और फैल सकता है। लाखों की संख्या में पलायन के लिए बाध्य हो रहे मजदूरों का व्यवस्थापन करना उन राज्य सरकारों के लिए चुनौतीपूर्ण काम होगा, ऐसे राज्य पहले ही कोरोना के खिलाफ जंग में असफल हो रहे है। अब समय आ गया है कि केन्द्र सरकार कोरोना वक्सीन लगाने के काम को युद्ध स्तर पर तेज करे ताकि जल्द से जल्द ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई जा सके। केन्द्र सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रूस की एक वैक्सीन को मंजूरी दी है और भारत में बनी अन्य पांच वैक्सीनों को भी मंजूरी देने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि फिलहाल दो ही वैक्सीन लगाई जा रही है जिसकी पर्याप्त पूर्ती नहीं हो पा रही है। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम ये हुई चर्चा में ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की है। वास्तव में जिस रफ्तार से कोरोना फैल रहा है उसे देखते हुए वैक्सीन लगाने के काम में तेजी लाने की सख्त जरूरत है ताकि लोगों की जान बचाई जा सकें। कोरोना की दूसरी लहर ज्यादा ही घातक सिद्ध हो रही है। अनेक राज्यों में मृतकों की संख्या इस कदम बढ़ रही है कि उनके अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाटों में कतार लग रही है। नतीजतन इलेक्ट्रानिक शवदाह बनाने की तैयारी की जा रही है। इसी बात से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थित किस कदर भयावह हो रही है। आपदा की इस घड़ी में कोरोना को लेकर भी सियासत की जा रही है। राज्य सरकारें केन्द्र के सिर पर ठिकरा फोड़ रही है और केन्द्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर उन राज्य सरकारों को जिम्मेदार ठहरा रही है। यह उचित नहीं है केन्द्र और राज्य सरकारों को मिल कर और दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर कोरोना के खिलाफ जंग लड़नी होगी तभी स्थिति में सुधार आ पाएगा अन्यथा आने वाले समय में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

विचार

महामारी की रात में कर्फ्यू के मायने

यह बात पिछले साल 14 अक्तूबर की है। कोरोना वायरस संक्रमण के तेज प्रसार और उसकी वजह से मरने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फ्रांस ने तय किया कि वह पेरिस और आस-पास के इलाके में रात का कर्फ्यू लगाएगा। संक्रमण रोकने का काम ढीले-ढाले लॉकडाउन के हवाले था, इसलिए लगा कि रात्रिकालीन कर्फ्यू से शायद कुछ बड़ा हासिल किया जा सकेगा। पेरिस जिस तरह का शहर है और पश्चिमी देशों में जैसी संस्कृति है, उसके चलते यह कर्फ्यू अर्थपूर्ण भी लग रहा था।

वहां लोग दिन भर अपने काम-धंधे में जुटते हैं, जबकि शाम का समय मौज-मस्ती और मनोरंजन का होता है। लोग पार्टी करते हैं, नाइट क्लब, बार, थिएटर वगैरह में जाते हैं। ऐसी जगहों पर भारी भीड़ भी जुटती है और लगातार रिपोर्टें मिल रही थीं कि थोड़ी ही देर बाद वहां न लोगों को मास्क लगाने का ख्याल रहता है और न ही सामाजिक दूरी का कोई अर्थ रह जाता है। कहा जा रहा था कि ये जगहें कभी भी कोरोना संक्रमण की 'हॉट-स्पॉट' बन सकती हैं, या शायद बन भी चुकी हैं। ऐसे में, रात का कर्फ्यू दिन भर लगने वाली पाबंदी से ज्यादा बेहतर था। तब तक यह समझ में आ चुका था कि दिन भर की पाबंदियां संक्रमण तो नहीं रोकतीं, अलबत्ता अर्थव्यवस्था को जरूर ध्वस्त कर देती हैं। अर्थव्यवस्था पहले ही बुरी हालत में पहुंच चुकी थी, इसलिए रात के कर्फ्यू में समझदारी दिखाई दे रही थी। ऐसा भी नहीं है कि रात के कर्फ्यू का यह पहला प्रयोग था। ऐसे कर्फ्यू दुनिया भर में लगते रहे हैं। दूर क्यों जाएं, भारत में ही तनावपूर्ण हालात में कई जगहों पर रात का कर्फ्यू लगाया जाता रहा है। एक समय वह था, जब ऑस्ट्रेलिया में रात को होने वाले अपराधों की वजह से वहां रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाया गया था। लेकिन यह पहली बार हुआ, जब किसी महामारी को रोकने के लिए रात के कर्फ्यू का इस्तेमाल हो रहा था। जल्द ही फ्रांस में इसमें एक नई चीज जोड़ दी गई। जब रात की मस्ती को सरकार ने छीन लिया, तो पाया गया कि शाम ढले अपने-अपने घर में बंद हो जाने वाले लोग शनिवार-रविवार की साप्ताहिक छुट्टी के दौरान समुद्र तटों पर भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहां भी जब संक्रमण के नए हॉट-स्पॉट की आशंका दिखी, तो 'वीकेंड कर्फ्यू' लागू कर दिया गया। इस तरह के सारे कर्फ्यू की आलोचना भी हुई और संक्रमण रोकने में वह कितना कारगर है, यह भी विवाद के घेरे में रहा। यह भी कहा गया कि किसी वायरस को आप सरकारी पाबंदियों और प्रशासनिक सख्ती से नहीं रोक सकते। जब पेरिस के बाजार रात नौ बजे बंद होने लगे, तब पाया गया कि शाम सात-आठ बजे के आसपास बाजार में भीड़ अचानक बढ़ने लग जाती है।

महिलाओं के सच्चे हिमायती थे डा.आम्बेडकर

रमेश सर्राफ

> बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जातिविहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।
> भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जायेगी। मगर देश में कोरोना महामारी की चल रही दूसरी लहर के कारण देश वासियों को सावधानी पूर्वक अपने-अपने घरों में रह कर ही बाबासाहेब की जयन्ती मनानी चाहिये। सार्वजनिक आयोजनो में भी मास्क पहनकर ही शामिल हों तथा दो गज की दूरी रखें। बाबासाहेब की जयन्ती पर इस बार लोगों को अपने घरों में राष्ट्र की एकता के नाम एक दीपक जला कर संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जातिप्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के कई सपने थे। भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिकदृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे।

उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरुआत ही 'शिक्षित करो' से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जातिविहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.आम्बेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे।

बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50,000 से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था।

डा.आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चैपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है।

नाचो-गाओ, खुशियां मनाओ कि आई बैसाखी

योगेश कुमार गोयल

> बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे यहां बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर से पंजाब का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाईयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो इस दिन खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढ़ोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरूद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत में और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्यौहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरुआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परम्परा रही है।

> उत्तर भारत में और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्यौहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरुआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परम्परा रही है।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरू गोबिन्द सिंह जैसे महापुरूषों के महान् आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पदि्चन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लड़कियाँ बाँध लेती

लड़कियाँ बाँध लेती हैं अपनी चुनड़ी के कोने में गाँठ... अकसर शादी के मंडप पर! ताकि बाँध कर रख सके दोनों परिवारों की लाज... उसी चुनड़ी की गाँठ की तरह! नहीं खोल पाती हैं फिर उस गाँठ को ताउम्र! और बटुए में हाथ डालकर निकाल लेतीं हैं मर्यादा के चंद सिक्के! और मुट्ठी भींच लेती हैं दिल की गहराईयों से! - **सरिता खोवाला**

अब इतिहास की

अब इतिहास की प्रतिक्षा है इस अधूरे वर्तमान के लिये.. फ्लिहाल बंद है सारे रास्ते इस उलझे वर्तमान के लिये.. खो गये सारे दस्तावेज अब तो मेरे अस्तित्व की पहचान के लिये.. बंजर से है सारे प्रयास फ्लिहाल इस निर्जीव मे एक जान के लिये.. बस्तियों मे झूठ ही स्थापित है अब कुछ यूँ झूठे ही लड़े लड़ाई सच के सम्मान के लिये।

- **पथिक मनीष**

खास पाती

बादलों के पार अपना

बादलों के पार अपना स्वप्न सा इक गाँव है। ख्वाहिशें नभ को छुएँ फिर भी ज़मीं पर पाँव है। तात ने श्रम से किये थे कुछ सितारे यूँ जमा। मातु ने टाँके सितारे नेह आँचल मन रमा। नेह भाई का मिला जिससे सबल बन मैं खड़ी एक सच्ची सी सहेली है बहन जिससे लड़ी। ईश के वरदान सम मुझको अनूठा घर मिला। पूर्ण मातृत्व करने साथ बच्चों का मिला। यह जहां रोशन करूं कुछ ख्वाब अरु अरमान से। हो के' नतमस्तक करूँ मैं प्रार्थना भगवान से। शब्द धागे जोड़ कर लिखना मुझे सिखला दिया। भावना का एक निर्झर इस हृदय उपजा दिया।- **निधि भार्गव मानवी**

नाच कितनी ही नचाती

नाच कितनी ही नचाती है रोटी भूके मुफ़लिस को सुलाती है रोटी ज़िस्म और ईमां बिके बाज़ार में तब किसी हाथों में आती है रोटी पेट देखो सट गया है पीठ में क्यूँ ग़रीबों को सताती है रोटी दर्द उठता है बहुत दिल में यारों आग पेट में जब लगाती है रोटी आदमी का पेट भरने के लिये आगरा - दिल्ली घुमाती है रोटी आदमी मुर्छित होता है भूक से कौन सा चक्कर चलाती है रोटी बच्चों को ढाँढस बँधाये माँ कैसे जब किसी घर से न पाती है रोटी भूक से बच्चे बिलखते हैं 'ऐनुल' खून के आँसू रुलाती है रोटी - **'ऐनुल' बरौलवी**

नीलाभ झीना सा सरकता हुआ

नीलाभ झीना सा सरकता हुआ आँचल जिसके रेशमी कजरारे केशपास की श्यामलता को प्रतिभाषित कर रहा है ऐसी वह साँझ सागर किनारे मेघों के वातायन से अपलक नेत्रों से देख रही है प्रियतम चन्द्र का आगमन। - **देवयानी भारद्वाज**

जिंदगी का एलबम पलटने पर

जिंदगी का एलबम पलटने पर नजर आई धुंधली, बेहद धुंधली पड़ चुकी एक तस्वीर ध्यान से देखने पर दिल में उठी कसक और बह निकले चंद अश्क आँखों से।

- **मीता खुराना**

खत्म हुए सारे इम्तहान खत्म हुई

खत्म हुए सारे इम्तहान खत्म हुई पहचान भी जिंदगी की शाम है लक्ष्य अब श्मशान है जिंदगी तमाम है कुछ नहीं अब चाहिये बस इत्मीनान है। झूठ है ये नाम -वाम झूठ ये पहचान है झूठा -सा गुमान ही जिंदगी का नाम है। कुछ नहीं अब चाहिए जिंदगी की शाम है।

- **तनु युग भारद्वाज**

लोकबन्दी के साथ साथ व्हाट्सअप

लोकबन्दी के साथ साथ व्हाट्सअप बंदी फेसबुक बंदी न्यूज चैनल बंदी अखबार बंदी ये भी ज़रूरी है,क्युकी कोरोना के साधारण मरीजों को आई सी यू व यम द्वार तक ले जाने में ये कैरियर्स का काम कर रहे,60 %मौत दहशत से हो रही।

- **शत्रुंजय तिवारी**

कोरोना के वार से,आम लोग

कोरोना के वार से,आम लोग बदहवास। नेता भाषण दे रहा,चमचे देखो ख़ास। मास्क पहन सेल्फी लिये,बांटे सबको ज्ञान । दो गज की वो दूरियां,भीड़-भाड़ अंजान। सत्ता कुर्सी बैठते,देते कितना ज्ञान। कोरोना फैले अभी,लोक-तंत्र अपमान।

- **नवीन कुमार तिवारी**

QUIZ TIME

1) 8839 फीट ऊंची अनाई मुडी किस पर्वत-श्रृखंला की सर्वोच्च चोटी है?
2) स्वीडिश कैमिस्ट जे.ए. अर्फ्वेडसन द्वारा 1817 में अविष्कृत किस तत्व का नाम ग्रीक शब्द 'स्टोनी' से व्युत्पन्न है?
3) मैमथ और मैस्टॅडॉन किस भू-स्तनपायी के पूर्वज थे?
4) 1907 में थॉमस हंट मॉर्गन द्वारा जिनेटिक अनुसंधान के लिए प्रयोग की वस्तु के रूप में प्रयुक्त पहला कीड़ा कौन-सा था?
5) 1930 में ब्रेडमैन ने किस अंग्रेज बल्लेबाज का 5 टैस्टों में 905 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पश्चिमी घाट (2) इटर्बी (3) हाथी (4) फ्रूटफ्लाई / ड्रोसोफिला (5) वाल्टर हैमंड

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1699- सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। 1772- वॉरेन हेस्टिंग्स ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल समिति के अध्यक्ष नियुक्त हुए। 1796- इटली की जंग में नेपोलियन ने आस्ट्रिया को हराया। 1890- भारत की पहली फिल्म 'श्रीपुंडलीक' का निर्माण करने वाले फिल्मकार दादासाहब तोरणे का जन्म। 1919- अमृतसर के जलियांवाला बाग में नृशंस हत्याकांड हुआ। ब्रिटिश जनरल डायर ने जलियांवाला बाग में सभा कर रहे निहत्थे लोगों पर गोलियां चलवाई जिसमें सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 379 लोग मारे गए तथा 1200 से अधिक घायल हुए। 1939- भारत में अंग्रजों के साथ हथियारबंद संघर्ष के लिए हिंदुस्तानी लाल सेना (इंडियन रेड आर्मी) का गठन हुआ। 1941- तत्कालीन सोवियत संघ और जापान ने तटस्थता संधि पर हस्ताक्षर किये।1944- तत्कालीन सोवियत संघ और न्यूजीलैंड के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हुए। 1960- फ्रांस सहारा मरूस्थल में परमाणु बम का परीक्षण करने वाला चौथा देश बना। 1970- चन्द्रमा की यात्रा पर रवाना हुए अमेरिकी अंतरिक्ष यान अपोलो 13 के ईंधन टैंक में विस्फोट हुआ। 1980- अमेरिका ने मास्को में हो रहे ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का बहिष्कार किया। 1984- भारतीय क्रिकेट टीम ने शारजाह में पाकिस्तान को 58 रनों से हराकर पहली बार एशिया कप जीता। 1997- अमरीका के गोल्फ़खिलाड़ी एल्ड्रिक टाइगर वुड्स 21 साल की उम्र में यूएस मास्टर्स चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

इंडिया को बहुत मिस कर रही है सोनम कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर इन दिनों अपने देश इंडिया (भारत) को बेहद मिस कर रही है। सोनम कपूर इस समय लंदन में हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि वह भारत को काफी मिस कर रही हैं। सोनम कपूर ने अपने पति आनंद आहूजा के साथ एक तस्वीर शेयर कर पोस्ट लिखा है। तस्वीर के साथ सोनम ने लिखा, ÷मैं भारत को इतना मिस कर रही हूं और अपने परिवार और दोस्तों से मिलने अपने घर वापस आना चाहती हूं, लेकिन मैंने महसूस किया कि ऐसा करके मैं अपने नए घर को निराश करूंगी, जिसने मुझे मेरे खूबसूरत पति के साथ इतना कुछ दिया है। लंदन में खराब दिन दूसरी जगहों के अच्छे दिनों से अच्छा है।

सोनम कपूर ने लिखा, लंदन में सबसे अच्छी बात यह है कि यहां कई मतों और धर्मों के लोगों के रहने के बाद भी रोमांटिक व्यक्तियों के लिए जगह है और यहां कवि, रहस्यवादी और नायक अपने समकक्षों से मुकाबला करने की उम्मीद कर सकते हैं।÷ सोनम कपूर की मां सुनीता कपूर और पापा अनिल कपूर ने कॉमेंट करते हुए लिखा, 'मिस यू सो मच।' इस पर सोनम कपूर ने लिखा, ÷मैं भी आपको मिस कर रही हूं।

दमादम मस्त कलंदर गाने पर रियाज कर रही है सारा अली खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान दमादम मस्त कलंदर गाने का रियाज कर रही है। सारा अली खान इन दिनों कश्मीर में अपने भाई इब्राहिम खान के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। सारा अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर वेकेशन की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर की है, जिसमें वह रियाज करती नजर आ रही हैं। सारा ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है, जिसमें वह 'दमादम मस्त कलंदर' गाती नजर आ रही हैं। वहीं, दूसरी वीडियो में सारा कश्मीर की हसीन वादियों में घूमती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, 'असली टैलेंट इधर है' वहीं उन्होंने अपनी दूसरी वीडियो पर लिखा, 'मैं नहीं रोउंगी।'

इससे पूर्व सारा ने इंस्टाग्राम पर अपने भाई इब्राहिम के साथ फोटो शेयर किया था, जिसमें वह कश्मीर की हसीन वादियों में मस्ती करती नजर आ रही हैं। सारा जल्द ही फिल्म 'अतरंगी रे' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में सारा, अक्षय कुमार और धनुष के साथ नजर आने वाली हैं।

मुश्किल वर्कआउट में 'शीला की जवानी ' गा रही जाह्नवी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर मुश्किल वर्कआउट में कैटरीना कैफका 'शीला की जवानी ' गा रही है। जाह्नवी कपूर फिल्म इंडस्ट्री की फिट अभिनेत्रियों में शुमार की जाती है। वह फिट रहने के लिए जिम में जमकर वर्कआउट करती हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वो बेहद मुश्किल वर्कआउट कर रही हैं और इस दौरान वह कटरीना कैफ का गाना 'शीला की जवानी' गा रही हैं।

जाह्नवी कपूर के एक फैन ने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस का वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। जिसमें जाह्नवी व्हाइट रंग के जिम वियर में दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में वो एक बेहद मुश्किल वर्कआउट कर रही हैं। वहीं, खुद को मोटीवेट करने के लिए वर्कआउट करते-करते जाह्नवी अचानक 'शीला की जवानी' गाना गाने लगती हैं। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर का फनी अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। यही कारण है कि उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

न्यूज गैलरी

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निराशाजनक नोमुरा के ताजा अनुमान

नई दिल्ली। देश में लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। जिसको देखते हुए नोमुरा ने भारत के ग्रोथ रेट संबंधित अपनी रेटिंग्स को 1 प्रतिशत घटा दिया है। नोमुरा की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था 2021-22 में 11.5 प्रतिशत से वृद्धि करेगी। पहले यह अनुमान 12.5 था। इस गिरावट की बड़ी वजह देश में कोरान की दूसरी लहर बताया गया है। नोमुरा ने भले ही अपनी ग्रोथ रेट के आंकलन में कटौती की हो लेकिन उसी अनुमान के मुताबिक भारत 2021-22 में दुनिया का सबसे तेज ग्रोथ करने वाला देश होगा। हालांकि नोमुरा ने 2022 के लिए ग्रोथ रेट में कटौती नहीं की है। नोमुरा की अपनी रिपोर्ट में सोनल वर्मा लिखती हैं, 'भारत की उम्मीद बहुत हद तक वैक्सीनेसन पर निर्भर करेगी। हालांकि इस पर संशय है कि साल के अंत तक क्या सभी को वैक्सीन लग पाएगी या नहीं। साथ ही रुपये का कमजोर होना भी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।' विश्वबैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की ग्रोथ रेट 7.5त्न से 12.5त्न के बीच रहने का अनुमान जताया है।

भारत पूरे दमखम के साथ वापसी करेगा- डेलॉयट सीईओ

वाशिंगटन। परामर्श सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी डेलॉयट के सीईओ पुनीत रंजन ने कहा कि भारत पूरे दमखम के साथ कोविड-19 संकट से उबरेगा और 21वीं सदी निश्चित रूप से 'भारत की सदी है। रंजन ने कहा कि भारत सरकार ने कोविड-19 महामारी से पैदा हुई चुनौतियों का सामना करने में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय मूल के अमेरिकी दिग्गज कारोबारी एक साक्षात्कार में कहा कि यह भारत की सदी है और मैं इसके बारे में आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा कि मैं निश्चित रूप से अपनी (भारतीय) विरासत को देखते हुए थोड़ा पक्षपाती हूं, लेकिन मुझे सच में पूरा भरोसा है कि यह भारत की सदी है, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में प्रतिभावान नौजवान हैं, और यहां पिछले 75 वर्षों से लोकतांत्रिक परंपरा कायम है। रंजन ने कहा कि महामारी ने सभी को प्रभावित किया है, और भारत में सरकार ने जिस तरह से लॉकडाउन लागू किया तथा यहां की बड़ी आबादी को देखते हुए महामारी ने देश को बुरी तरह प्रभावित किया।

कोरोना के कहर से सहमा बाजार, सेंसेक्स 1708 अंक टूटा

निवेशकों को डर है कि एक बार फिर लॉकडाउन जैसी स्थिति न बने

मुंबई (वार्ता)। कोविड-19 के तेजी से बढ़ते संक्रमण और इस कारण राज्यों द्वारा लागू किये गये प्रतिबंधों से आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया और चौतरफा बिकवाली के बीच बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी करीब ढाई महीने के निचले स्तर तक लुढ़क गये। देश में कोविड-19 के नये मामले पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह जारी आँकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 1,68,912 नये मामले आये हैं। कई राज्यों ने संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए नये सिरे से प्रतिबंध लगाये

हैं। निवेशकों को डर है कि एक बार फिर लॉकडाउन जैसी स्थिति बन सकती है। शुरू से ही दबाव में रहा सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 1,707.94 अंक यानी 3.44 प्रतिशत लुढ़क कर 47,883.38 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 524.05 अंक यानी 3.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,310.80 अंक पर रहा। शेयर बाजार में गिरावट के कारण निवेशकों को 8.69 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों में इस साल 26 फरवरी के बाद सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। सेंसेक्स 29 जनवरी के बाद पहली बार 48 हजार अंक से नीचे बंद हुआ जबकि निफ्टी का यह एक फरवरी के बाद का निचला स्तर है।

कमजोर निवेश धारणा के कारण रुपया भी 32 पैसे लुढ़ककर 75.05 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो आठ महीने का निचला स्तर है।

मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर और अधिक दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 5.32 फीसदी टूटकर 19,656.75 अंक पर बंद हुआ। स्मॉलकैप 4.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,557.01 अंक पर आ गया।

टैक्स छूट के साथ मिलेगा बेहतर रिटर्न

नई दिल्ली। निवेश की शुरुआत करने के लिए बड़ी रकम होना जरूरी नहीं है। आप 100 रुपये से भी शुरुआत कर अपनी जरूरत के लिए बड़ी रकम जमा कर सकते हैं। सरकार की ओर से देशभर के छोटे निवेशकों को उनकी भविष्य की जरूरत के लिए कई ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसमें आसानी से निवेश कर गारंटीड रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। हम आपको ऐसे की प्रमुख निवेश विकल्पों के बारे में बता रहे हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना एक बेहतरीन निवेश योजना है। इसे 10 साल की कम उम्र के बेटियों के नाम खोला जा सकता है। चालू वित्त वर्ष में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिकतम 1.5 लाख रुपये जमा कराये जा सकते हैं।

कोरोना काल में वाहनों की बिक्री 14 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 महामारी के बीच वित्त वर्ष 2020-21 में घरेलू बाजार में वाहनों की बिक्री करीब 14 प्रतिशत घट गई। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा आज जारी आँकड़ों के अनुसार गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में देश में कुल 1,86,15,588 वाहन बिके जो वित्त वर्ष 2019-20 के 2,15,45,551 वाहनों की तुलना में 13.60 प्रतिशत कम है। यात्री वाहनों यानी कारों, उपयोगी वाहनों तथा वैन की घरेलू ब्रिक्री में दो प्रतिशत और दुपहिया वाहनों में 13 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 56 प्रतिशत से अधिक और वाणिज्यिक वाहनों

की बिक्री करीब 21 प्रतिशत घट गई। वाहनों के निर्यात में भी 13 प्रतिशत की कमी आई है।

सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में यात्री वाहनों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के आँकड़े नकारात्मक हैं। सियाम के अध्यक्ष केनेची आयुकावा ने कहा, ÷कोविड-19 की दूसरी लहर से पेश चुनौतियों के कारण भारतीय वाहन उद्योग के सामने अब भी कठिनाइयाँ हैं।

सोने चांदी के रेट में गिरावट

नई दिल्ली। सर्राफा बाजारों आज यानी 12 अप्रैल को सोने-चांदी के रेट में गिरावट देखने को मिल रही है। सोना शुक्रवार के मुकाबले आज सस्ता हुआ है। आज 24 कैरेट सोना 71 रुपये प्रति 10 ग्राम नीचे खुला तो वहीं चांदी के भाव में महज 76 रुपये प्रति किलो की मामूली गिरावट दर्ज हुई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक आज सर्राफा बाजारों में 23 कैरेट सोना 46189 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला वहीं, 22 कैरेट का भाव 42480 रुपये पर पहुंच गया है। जबकि 18 कैरेट सोने का रेट 34781 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। बता दें इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी इस रेट और आपके शहर के भाव में 500 से 1000 रुपये का अंतर आ सकता है।

बता दें कि IBJA द्वारा जारी किए गए रेट देशभर में सर्वमान्य है। हालांकि इस वेबसाइट पर दिए गए रेट में जीएसटी

(GST) शामिल नहीं किया गया है। सोना खरीदते-बेचते समय आप IBJA के रेट का हवाला दे सकते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक ibja देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है। सोने-चांदी का करेंट रेट या यूं कहें हाजिर भाव अलग-अलग जगहों पर अलग हो सकते हैं पर इनकी कीमतों में थोड़ा अंतर होता है।

ओम नाथ सूद में श्रद्धानन्द कॉलेज की आसान जीत

नई दिल्ली (वार्ता)। सुमित माथुर के शानदार हरफनमौला खेल 71 रन (2 छक्के, 5 चौके, 62 गेंदे और 2 विकेट), लक्ष्य थरेजा के 82 गेंदों पर तीन चौकों की सहायता से बनाए गए उपयोगी नाबाद 77 रनों और अनीश अली (19/4) की घातक गेंदबाजी की बदौलत स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने 31वें अखिल भारतीय हितकारी ओम नाथ सूद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में टी आरोहा टाइगर्स को 90 रनों से हरा कर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हितकारी कम्पनी की डायरेक्टर लवलीन मल्होत्रा ने सुमित माथुर को कुबेर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जबकि विशेष मेहमान आशीष खन्ना व नितिन सूरी ने पारकी सांत्वना पुरस्कार अपूर्व वालिया व अनीश अली को प्रदान किया।

पहले खेलते हुए श्रद्धानंद कॉलेज ने शानदार शुरुआत की।

एक जून से फिर से शुरू होगा

कराची (वार्ता)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बोर्ड ऑफ़गवर्नर्स ने शनिवार को अपनी बैठक में फैसला किया है कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का 2021 का सत्र एक जून से शुरू होगा और इसका

फ़ाइनल 20 जून को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट गत चार मार्च को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा बनाये गए बायो बबल में कोविड 19 के बढ़ते मामलों के कारण स्थगित कर दिया गया था। उस समय तक पीएसएल के केवल 14 मैच ही खेले गए थे।

टीम, सपोर्ट स्टाफऔर अन्य सभी जो पीएसएल के बायो बबल में लौटेंगे , उन्हें 22 मई से एक होटल में सात दिन के सख्त क्वारंटीन में रहना होगा। उसके बाद ही उन्हें सत्र के फिर से शुरू होने से पहले तीन दिनों तक अभ्यास सत्रों की अनुमति दी जायेगी। बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स ने पैनल की सभी सिफारिशों को अपनी मंजूरी दे दी है जिसमें कोविड 19 के एसओपी का उल्लंघन करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट के दिग्गजों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए पीसीबी ने हॉल ऑफफेम लांच करने का फैसला किया है और इसके लिए उसे बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स की मंजूरी मिल गयी है।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें सोमवार को लगातार 13वें दिन स्थिर रहीं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल का भाव 90.56 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। डीजल की कीमत भी 80.87 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। गत 30 मार्च के बाद से दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अन्य महानगरों में भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। एक लीटर पेट्रोल मुंबई में 96.98 रुपये, चेन्नई में 92.58 रुपये और कोलकाता में 90.77 रुपये का मिला। एक लीटर डीजल की कीमत मुंबई में 87.96 रुपये, चेन्नई में 85.88 रुपये और कोलकाता में 83.75 रुपये रही। पेट्रोल-डीजल के दाम की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

एकतरफा मुकाबला

हैदराबाद की तरफसे मनीष पांडेय ने नाबाद 61 और जानी बेयरस्टो ने 55 रन बनाये

राणा का आतिशी अर्धशतक, कोलकाता ने हैदराबाद को दी 10 रन से मात

चेन्नई (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज नीतीश राणा (80) और राहुल त्रिपाठी (53) के आतिशी अर्धशतकों की बदौलत कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को आईपीएल 14 के तीसरे मुकाबले को एकतरफा अंदाज में 10 रन से जीत लिया।

कोलकाता ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि हैदराबाद की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 177 रन ही बना सकी। हैदराबाद की तरफसे मनीष पांडेय ने नाबाद 61 और जानी बेयरस्टो ने 55 रन बनाये। अब्दुल समद ने मात्र आठ गेंदों में दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 19 रन बनाये। मनीष पांडेय ने पारी के आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल की अंतिम गेंद पर छक्का मारा लेकिन यह हैदराबाद को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। राणा ने शुभमन गिल (15) के साथ पहले विकेट के लिए सात ओवर में

53 रन की शानदार साझेदारी की। गिल को करिश्माई लेग स्पिनर राशिद खान ने बोल्ड किया। गिल ने 13 गेंदों पर 15 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया। राणा ने फिर राहुल त्रिपाठी के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की जबरदस्त साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने अपनी पारी के दौरान बेहतरीन चौके और छक्के लगाए। राणा ने तो छक्का मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। त्रिपाठी ने चौका लगाकार अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद ही वह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन की गेंद को ऊंचा खेल गए और विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने अपने पीछे जाकर कैच लपका । त्रिपाठी ने 29 गेंदों पर 53 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। आंद्रे रसेल ने आने की तुरंत बाद ही राशिद की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में मनीष पांडेय को कैच थमा दिया। रसेल ने पांच गेंदों में पांच रन बनाये। राणा ने रसेल का विकेट गिराने के बाद अपना धैर्य खोया और ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी की गेंद पर विजय शंकर को कैच देकर आउट हुए। राणा ने 56 गेंदों पर 80 रन की शानदार पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान इयोन मॉर्गन मात्र दो रन बनाकर नबी की गेंद पर पर अब्दुल समद के हाथों लपके गए। कोलकाता ने 160 के स्कोर पर दो विकेट गंवाए। पिछले कप्तान दिनेश कार्तिक ने इस मुकाबले में नौ गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 22 रन बनाये जबकि बंगलादेश के आलराउंडर शाकिब अल हसन मात्र तीन रन बनाकर आखिरी गेंद पर भुवनेश्वर का शिकार बन गए।

भारत की अर्जेंटीना पर 3-0 से प्रभावशाली जीत

ब्यूनस आयर्स (वार्ता)। हरमनप्रीत सिंह, ललित उपाध्याय और मंदीप सिंह के शानदार गोलों की बदौलत भारतीय हॉकी टीम ने यहां एफआईएच प्रो लीग के सोमवार को दूसरे मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना को 3-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

भारत ने पहले मैच में अर्जेंटीना को शूट आउट में 4-3 से हराया था और पहली जीत में बोनस अंक भी हासिल किया था। भारत अब इस जीत के बाद एफआईएच प्रो लीग की तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय टीम यहां अब 13 और 14 अप्रैल को अर्जेंटीना के खिलाफ दो और अभ्यास मैच खेलेगी और इसके बाद आठ और नौ मई को लंदन में ब्रिटेन के

खिलाफ फिर से एफआईएच प्रो लीग के मुकाबले खेलेगी। भारत ने पहले अभ्यास मैच में अर्जेंटीना को 4-3 से हराया था जबकि दोनों टीमों के बीच दूसरा अभ्यास मैच 4-4 से बराबरी पर छूटा था।

बहादुर ने खासतौर पर अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मैकियो कैसेला और मार्टिन फेरेरियो के नजदीक से गोल के प्रयासों को रोका। भारत ने धीरे-धीरे मैच में अपने पांव जमाने शुरू किए, जब राजकुमार पाल ने अर्जेंटीना के अनुभवी गोलकीपर जुआन मैनुअल विवाल्डी को आजमाया।

न्यूज गैलरी

सर्व नाई समाज के जिला सह सचिव ने लगवाया कोरोना का टीका

कवर्धा। लगभग 16 माह पूर्व चीन से प्रारंभ होने वाले कोरोनावायरस दुनिया में तहलका मचा चुका है, ऐसे में आखिरकार भारत सरकार ने इसका समाधान भी ढूंढ निकाला है। जहां कोरोनावायरस के रोकथाम हेतु विभिन्न शहरों, नगरों, महानगरों में टीकाकरण अभियान स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यालयों में किया जा रहा है वहीं पर नगण्य कुछ लोगों के द्वारा इस टीकाकरण पर निराधार सवालिया निशान लगाया गया। हालांकि हम सब कोविड-19 से सुरक्षा हेतु टीकाकरण कराकर ही आश्वस्त हो सकते हैं, इसकी रोकथाम कर सकते हैं। इसके संक्रमण अथवा फैलाव को कम कर सकते हैं। ऐसे में जिला कबीरधाम अंतर्गत निवासरत सर्व नाई समाज के जिला सह सचिव मन्नूलाल चंद्रसेन कोविड-19 के प्रथम चरण का 0.5 एम.एल.का टीकाकरण कराकर स्वयं बहुत ही आश्वस्त हैं एवं उन्होंने समाचार पत्र के माध्यम से सर्व नाई समाज के साथ-साथ सभी नागरिकों से निवेदन किया है कि यह टीका बहुत ही सुगम है। इसमें किसी भी प्रकार का अतिरिक्त स्वास्थ्यगत परेशानी संभव नहीं है, इसलिए सभी नागरिकों को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए एवं स्वयं सुरक्षित रहकर दूसरों को भी सुरक्षित रखना चाहिए इससे किसी भी प्रकार का डर अथवा खतरा नहीं है ।।

जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य अमले एक जुट होकर घर-घर पहुंचेगे

कवर्धा। कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रभाव को कम करने और नियंत्रण तथा रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वैक्सिनेशन को एक अभियान दिया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल के मंशानुरूप में जिले में करोना के बढ़ते संक्रमण को कम करने और जिले के नागरिकों में कोरोना वैक्सिनेशन के प्रति जागरूकता लाने के लिए कलेक्टर श्री रमेश कुमार के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन की टीम मिशन मोड़ में चला गया है। जिले के नागरिकों के कोविड के संक्रमण से बचाने,पुर्णतः सुरक्षित करने और कोरोना वैक्सिनेशन कराने के लिए कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री सलभ कुमार सिन्हा, वन मंडलाधिकारी श्री दिलराज प्रभाकर और जिला पंचायत श्री विजय दयाराम के मैदान में उतर गए है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में 45 वर्ष पुरा कर चुके नागरिकों को कोरोना वैक्सिनेशन कराने के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम के साथ जिलें के हर वर्ग महिला, पुरुष, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधि गण, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न वर्गो के लोग इसमें बढ़ चढ़कर अपना सहयोग प्रदान कर रहें हैं। साथ ही समाज के अन्य लोगों को कोरोना वैक्सिनेशन करानें के लिए प्रेरित भी कर रहें है। इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिले में अब तक 125 कोरोना टीकाकरण केन्द्रों में अब तक 98 हजार नागरिकों, कोरोना फ्रंट वर्कर, स्वाथ्य कर्मचारी और शासकीय कर्मचारियों को वैक्सिनेशन किया गया है।

कोरोना वायरस के रोकथाम एवं बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा ने कोरोना वायरस, कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के लिए जिला कार्यालय के अधीक्षक कक्ष को जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 07741-232609 है। उन्होंने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के संचालन के लिए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर को नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी श्री ठाकुर का दूरभाष नंबर 9926603709 है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

पत्नी पर लगाया अफेयर का आरोप, कमरे में बंद कर प्राणघातक हमला, केस दर्ज पति फरार

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। दल्ली पुलिस ने अपनी पत्नी पर प्राण घातक हमला करने के आरोप 256 चौक के रहने वाले एक पति झुम्मन सतनामी के खिलाफ में धारा 307 का केस दर्ज किया है घटना के बाद से आरोपी पति अब तक फरार है पुलिस तलाश कर रही है बताया गया कि 9 अप्रैल को पति ने अपनी पत्नी का दुसरे से अफेयर होने व उससे मोबाइल में बात करने की बात पर लड़ाई की थी घायल पत्नी निर्मला टण्डन पति झुम्मन उर्फ चुम्मन सतनामी उम्र 27 वर्ष साकिन- मधु टाकिज वार्ड क्रं. 02 दल्लीराजहरा थाना- दल्लीराजहरा को परिजनों ने मारपीट के बाद जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराया था राड से पत्नी के गले व अन्य हिस्से में वार किया गया है होश आने के बाद पुलिस में पत्नी को यह बयान दिया है ....

जैसा पीडिता ने पुलिस को बताया

मैं मधु टाकिज के पास दल्ली राजहरा में रहती हूं रोजी मजदूरी का काम करती हूं । वर्ष 2009 में ईश्वरी जोशी ग्राम माहूद (बी) से शादी हुई थी। जिससे हमारा 1 सात वर्ष का बेटा है एवं 1 छः साल की बेटी है। पिछले 01 साल से पति के साथ वाद-विवाद के चलते उसे छोड़कर अपने मायके दल्ली राजहरा में रहती हूं तथा बीते 3 माह से झुम्मन सतनामी मुझे पत्नी बनाया है। तब से हम लोगों का एक दूसरे के घर आना जाना लगा रहता है। दिनांक 9.04.2021 के 1:30 बजे दोपहर में झुम्मन मुझे फोन करके बोला कि 10 मिनट के लिए मेरे घर आ जाओ। तब मैं करीब 2:00 बजे उसके दादी कलिंन्द्री देशलहरे के घर जहां झुम्मन रहता है वहां पहुंची तो मुझे झुम्मन ने कहा कि मैं तुम्हें पत्नी बना लिया हूं। लेकिन तुम मेरे साथ नहीं रहती। जिस पर मैंने कहा कि तुम अपनी दादी के साथ छोटे से झोपड़ी में रहते हो, यहां लाइट पंखा नहीं है। बाथरूम के लिए जगह भी नहीं है तो मैं कैसे रहूंगी। हमारे लिए अलग से किराए का घर ढूंढ लो तब मैं तुम्हारे साथ रहूंगी। इसी बात पर झुम्मन ने मेरे साथ विवाद करते रहा एवं करीब 03.30 बजे घर के अंदर कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया और कहने लगा कि तुम दूसरे-दूसरे से मोबाईल में बात करती हो। तुम्हारा किसी और से संबंध है। इसी कारण मेरे साथ नहीं रहने के लिए बहाना बना रही हो। आज तुम्हे जिंदा नहीं छोडुंगा कहकर लोहे की राड से मेरे सिर को मारा उसके बाद हंसिया से मेरे गले में वार किया। जिससे मैं स्वयं को बचाने की कोशिश की। उसके द्वारा हंसिया से वार करने से मेरे दाहिने हाथ की हथेली, बाएं हाथ की कलाई, छाती में दाहिनी तरफ चोट आया है। मेरे गले में गहरा चोट आने के कारण मैं बेहोश हो गई थी। कुछ देर बाद जब होश आया तो झुम्मन कमरे में नहीं था। दरवाजा लगा हुआ था जिसे खोलकर मै कमरे से बाहर आई तो घर का मेन दरवाजा बाहर से बंद था। उसी समय झुम्मन फिर से आया और मुझे खींचकर कमरे के अंदर ले जाने लगा तो मैं बोली कि मैं कहीं नहीं जाऊंगी यही बैठी कहकर बातों में उलझाने में लगी। उसी समय कलिंद्री बाई पार्षद, जनक निषाद आकर दरवाजा खटखटाया तब झुम्मन दरवाजा खोलकर भाग गया। उसके बाद मुझे कलिन्द्री एवं चंद्रिका सतनामी मुझे इलाज के लिए चिखलाकसा के अस्पताल ले गये। जहां डक्टर ने रिफर करने के बाद जिला अस्पताल बालोद लाए।

सर्दी खांसी बुखार सांस लेने में तकलीफ एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसील एवं नगर पंचायत ने किया टोल फ्री नंबर जारी

गुंडरदेही। नगर पंचायत गुंडरदेही के सीएमओ जय करुणाकरण देव ने समस्त नगरवासी एवं क्षेत्रवासियों को कोरोना वायरस से पीड़ित परिवार को राहत देने इच्छुक दानदाताओं के लिए अपील किया है कि वर्तमान में कोरोना के खिलाफ लड़ाई के लिए जिम्मेदार नागरिक, जरूरतमंद जो दान कर सकता है वैसे लोगों से अपना राशन सामग्री ,धनराशि, काढ़ा, चावल, एवं मेडिकल ,उपकरण जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर, बेडशीट ,एंबुलेंस ,पीपीटी ,कीट आदि तहसील अनाज भंडारण गुंडरदेही में दान देकर अपनी सहभागिता दे सकते हैं।वह इच्छुक व्यक्ति संस्था जरूरतमंद लोगों को स्वयं बनाकर भोजन खिला सकते हैं अधिक जानकारी के लिए जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन नगर पंचायत के द्वारा टोल फ्री नंबर दिया गया है इस नंबर पर संपर्क कर अति आवश्यक जिनके पास राशन कार्ड ना हो जिनके पास अपने परिवार को भोजन कराने में असमर्थ हो वैसा व्यक्ति इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं उक्त जानकारी नगर पंचायत सीएमओ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर। 07749। 223950

गुंडरदेही तहसील कंट्रोल रूम। 078 8 2628262

नगर पंचायत गुंडरदेही संपर्क नंबर ।9755313495, 9589650050, इस नंबर पर संपर्क कर कोरोना महामारी से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन सहित नगर प्रशासन मी टोल फ्री नंबर जारी कर इस भयानक कोरोना महामारी से लड़ने के लिए नगर पंचायत सीएमओ जय करुणाकरण देव ने समस्त दानदाताओं को अपील की सामूहिक भोजन करवाने से पहले लेना पड़ेगा अनुमति सीएमओ जय करुणाकरण देव ने कहा हमारे द्वारा दिया गया नंबर पर संपर्क करें तो नगर पंचायत के कर्मचारी उन पीड़ित लोगों तक पहुंचेगा और उनकी समस्या के समाधान करने की प्रयास करेंगे सोशल डिस्टेंस मास्क सेनीटाइज और लॉकडाउन पर बिना अनुमति के घर से ना निकलने यही मेरा अपील है।

एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस टोल फ्री नंबर में पीड़ितों के लिए है जैसे सर्दी खांसी बुखार एवं अन्य सुविधा जी ने प्राप्त ना हो वह इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

गुंडरदेही ब्लॉक के कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर। 9424236816 9424236817।

कोरोना के नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

कवर्धा। 12 अप्रैल 2021। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा ने कोरोना वायरस, कोविड-19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना जिला कार्यालय के अधीक्षक कक्ष में की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07741-232609 है। किसी भी आपात स्थिति, कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त होने पर श्री डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री संदीप ठाकुर अथवा डिप्टी कलेक्टर श्री अनिल कुमार सिदार को उनके दूरभाष 99266-03709/94790-89190 पर सूचना दिया जाएगा।

जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्री हेमन्त शर्मा और आदिवासी विभाग के भृत्य श्री कोमल साहू की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक, जिला व्यापार विभाग के सहायक ग्रेड-03 श्री कोमल साहू और करपात्री स्कूल के भृत्य श्री संतोष दिवाकर की ड्यूटी दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक, तहसील कार्यालय के श्री कृष्ण कुमार शर्मा और एकीकृत बाल विकास विभाग के भृत्य श्री राजाराम चंद्रवंशी की ड्यूटी शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक, कृषि विभाग के सहायक ग्रेड-02 श्री भूपेन्द्र कुमार और जल संसाधन विभाग के समयपाल श्री विजय कुमार देवांगन की ड्यूटी रात्रि 12 बजे से सुबह 6 बजे तक लगाई गई है। कर्मचारियों की ड्यूटी 13 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगी।

लॉक डाउन के पूर्व जोखिम उठाते बाजार में उतरे लोग

मैनपुर। लॉक डाउन होने के पूर्व आज सोमवार को जरूरी सामान लेने लोग जोखिम उठाते बाजार पहुंचे जहां मुख्यालय मैनपुर मे भीड़ की स्थिति देखने को मिली है। सबसे अधिक भीड़ किराना दुकान, फलों के दुकान, दवाई व सब्जी के दुकान पर थी सब्जी, राशन और दवाई दुकानों पर लोगों जमकर खरीदारी की गई वहीं किराना दुकानो में अमूमन सामानों के दाम बढे हुए थे फिर भी जरूरत के सामान खरीदने लोग मुख्यालय में डटे रहे कई दुकानों पर मांग अधिक होने के कारण उनका स्टॉक ही खत्म हो गया वहीं अन्य दिनों की अपेक्षा आज दोगुना बिक्री हुई है। मुख्यालय मैनपुर अंतर्गत किराना दुकानों में जरूरत की सामान खरीदी करने लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी अनुविभागीय

अधिकारी राजस्व मैनपुर द्वारा दिये गए आदेश के तहत सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही दुकाने खुली रखने का आदेश जारी किया गया था किंतु जिले में 10 दिन की लाकडाउन को देखते स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर के व्यापारियों को शाम 5 बजे तक अपनी दुकानें खुली रखने की छूट दी गई थी ताकि क्षेत्र की जनता अपनी जरूरतों का सामान खरीदी कर सके जिसके चलते आज मैनपुर का बाजार गुलजार रहा आज सुबह से शाम 5 बजे तक नगर के व्यापारियों ने जमकर व्यापार किया नगर में राशन सामान के छोटे बड़े करके लगभग 30 से 40 दुकाने है आज सभी दुकानों में जमकर भीड़ देखी गई साथ ही बैंको में पैसा निकालने भी लोगो का भीड़ देखने को मिला।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का खुला उल्लंघन देखने को मिला आज नगर में न ही शोसल डिस्टेसिंग का पालन करते देखा गया न ही व्यापारियों द्वारा सेनेटाइजर की व्यवस्था की गई थी। राजस्व विभाग, पंचायत विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा भीड़ भाड़ न करते हुए सोशल डिस्टेसिंग के साथ जरूरी सामग्री खरीदने की अपील के बीच भी लोग जोखिम उठाते हुए दुकानो मे उमड़ पड़े।

आज से लॉकडाउन में जनता रहेगी घरों में कैद

गरियाबंद जिले में लगातार कोरोना संक्रमण में विस्फोटक वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है गरियाबंद सम्पूर्ण जिले में 13 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 10 दिनों के लिए लाकडाउन का आदेश जारी कर दिया है जिसके बाद लॉकडाउन की अवधि में आपातकालीन स्थिति को छोड़कर लोग अपने घरों में ही कैद रहेंगे। यदि किसी ने बाहर निकलने की कोशिश की तो पुलिस और प्रशासन उस पर सख्ती भी कर सकता है लेकिन इसके साथ जनता तक जरूरी सामग्री मुहैया कराना भी चुनौती रहेगा। स्थानीय प्रशासन द्वारा गरीब वर्ग के लोगो तक एवं कोरोना प्रभावित लोगो तक राशन सामग्री पहुंचना चुनौती के रूप में रहेगी। वहीं पूरे दस दिनो के लॉक डाउन में लोगो को दैनिक दिनचर्या की सामग्री खरीदने दिक्कते उठानी पड़ सकती है क्योंकि लॉक डाउन के चलते कई ग्रामों में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगायी जायेगी और परिवहन भी पूरी तक बंद रहेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आज चार, कल पांच के...

रखने का ऐलान किया गया है। सब्जी, किराना और शराब दुकानें भी लॉकडाउन के दौरान बंद हैं। मेडिकल इमरजेंसी के लिए अस्पताल खुले हैं। साथ ही वैक्सीनेशन का भी काम जारी है।

निजी अस्पतालों में ...

और कंसल्टेंट की फीस, एनेस्थेशिया, ब्लड-ट्रांसफ्यूजन, आक्सीजन, ओ.टी. चार्जेस, सर्जिकल उपकरणों का शुल्क, दवाई एवं ड्रग, मरीज के भोजन, प्रोस्थेटिक डिवाइस एवं इम्पलांट का खर्च शामिल है। मेडिकल प्रोसिजर, बेसिक रेडियोलॉजिकल इमेजिंग और एक्स-रे, सोनोग्राफी, हिमेटॉलॉजी पैथोलॉजी जैसे रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी टेस्ट भी इनमें शामिल है। हाई-एंड रेडियोलॉजिकल डाइग्नोस्टिक, हाई-एंड हिस्टोपैथोलॉजी (बायोप्सीज) और एंडवास्ड सिरोलॉजी इन्वेस्टीगेशन्स पैकेज अलग से एड-ऑन पैकेज के रूप में उपलब्ध कराया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट पर कोरोना ...

और कंसल्टेंट की फीस, एनेस्थेशिया, ब्लड-ट्रांसफ्यूजन, आक्सीजन, ओ.टी. चार्जेस, सर्जिकल उपकरणों का शुल्क, दवाई एवं ड्रग, मरीज के भोजन, प्रोस्थेटिक डिवाइस एवं इम्पलांट का खर्च शामिल है। मेडिकल प्रोसिजर, बेसिक रेडियोलॉजिकल इमेजिंग और एक्स-रे, सोनोग्राफी, हिमेटॉलॉजी पैथोलॉजी जैसे रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी टेस्ट भी इनमें शामिल है। हाई-एंड रेडियोलॉजिकल डाइग्नोस्टिक, हाई-एंड हिस्टोपैथोलॉजी (बायोप्सीज) और एंडवास्ड सिरोलॉजी इन्वेस्टीगेशन्स पैकेज अलग से एड-ऑन पैकेज के रूप में उपलब्ध कराया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल ...

पुत्र तथा पुत्रवधु भी कोरोना संक्रमण के चपेट में आ गए हैं।

कोरोना की टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद वे अपने घर पर ही क्वारंटाइन हो गए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे देश में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिले में लॉकडाउन लगे हुए हैं। हर जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।राजधानी रायपुर में लगातार संक्रमितों की संख्या भी बढ़ रही है। वहीं मौतों का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में लोग होम क्वारंटाइन हुए हैं। सरकारी अस्पतालों में स्थिति भयावह है। ऑक्सीजन की कमी महसूस की जा रही है। खबर है कि निजी अस्पताल खाली बिस्तर की जानकारी नहीं दे रहे हैं। पूरे प्रदेश में कोरोना की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

0000

भारत में स्पूतनिक वी को ...

कोरोना केस सामने आए हैं और संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,35,27,717 हो गई है। 11 से 14 अप्रैल तक मनाए जा रहे टीका उत्सव के बीच कई राज्य कोरोना टीकों की कमी का आरोप लगा रहे हैं।

पिछले 24 घंटे में जिन 904 लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में 349 लोग, छत्तीसगढ़ में 122 लोग, उत्तर प्रदेश में 67 लोग, पंजाब में 59 लोग, गुजरात में 54 लोग, दिल्ली में 48 लोगों की जान गई है। संक्रमण के कारण देश में अब तक कुल 1,70,179 लोगों की मौत हो चुकी है।

कोरोनाः दावे असलियत से...

की कमी पर कहा, ''रेमडिसिविर (प्रमुख एंटी वायरल दवाई) की किल्लत नहीं है। आपके पास सबकुछ उपलब्ध है। हम नतीजे चाहते हैं, कारण नहीं।'' अदालत ने कहा कि एक शख्स को आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट लेने में करीब पांच दिन लग रहे हैं। पीठ ने कहा, ''जब आप के पास समय था तब आपने जांच केंद्रों को नहीं बढ़ाया।'' गुजरात में रविवार को कोरोना वायरस के 5469 मामले आए जो महामारी शुरू होने के बाद सर्वाधिक एकदिनी बढ़ोतरी है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 100
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ओम्बी चन्द्राकर पति श्री संतराम चन्द्राकर जाति कुर्मी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री राजेश गोन्दुड़े पिता श्री लोकनाथ गोन्दुड़े साकिन तेलीबांधा रायपुर से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 3590/1 रकबा 1047 वर्गफुट 1047 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. वर्ष 2020-21
साकिन ग्राम बिलाई डबरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/क्रेता जयेश खोडियार एवं श्रीमती हेतल चौहान पति विक्रम चौहान जाति गुजराती निवासी प्लाट नं. 14 आनंद विहार शिवा कालेज के पास सुपेला, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है जिसमें ग्राम बिलाई डबरी स्थित भूमि खसरा नं. 305 का टुकड़ा रकबा 4.700 हे. कुल खसरा नं 01 कुल रकबा 4.700 हे. लगान 18.00 रुपए की भूमि को अनावेदक/ विक्रेता श्रीमती गीता पति घनश्यामदास अग्रवाल के पास से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13/02/2021 द्वारा 41,18,000/- अक्षरी इकचालिस लाख अठारह हजार रुपए में क्रय किया गया है। अनावेदक द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किए जाने पश्चात आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में पंजीकृत विक्रय पत्र,बी-1, शपथ पत्र व तलवाना के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत तिथि दिनांक 23/04/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 01/04/2021
पेशी दिनांक 23/04/2021

नायब तहसीलदार
सुहेला
सील

न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. वर्ष 2020-21
साकिन ग्राम बिलाई डबरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/क्रेता श्रीमती हेतल चौहान पति विक्रम चौहान जाति गुजराती निवासी प्लाट नं. 14 आनंद विहार शिवा कालेज के पास सुपेला, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा वास्ते नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है जिसमें ग्राम बिलाई डबरी स्थित भूमि खसरा नं. 305 का टुकड़ा रकबा 3.534 हे. कुल खसरा नं 01 कुल रकबा 3.534 हे. लगान 12.00 रुपए की भूमि को अनावेदक/ विक्रेता श्रीमती गीता अग्रवाल पति घनश्यामदास अग्रवाल के पास से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15/02/2021 द्वारा 30,10,000/- अक्षरी तीस लाख दस हजार रुपए में क्रय किया गया है। अनावेदक द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किए जाने पश्चात आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में पंजीकृत विक्रय पत्र,बी-1, शपथ पत्र व तलवाना के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत तिथि दिनांक 23/04/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 01/04/2021
पेशी दिनांक 23/04/2021

नायब तहसीलदार
सुहेला
सील

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मण्डल क्र. 1 रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष (0771)2331431 फैक्स (0771) 4055885 ईमेल- se1.raipur@gov.in

निविदा संशोधन सूचना

क्र. 3060/40-/सा.20 रायपुर, दिनांक 08/04/2021

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदाओं को कोरोना वायरस (Covid-19) रायपुर जिले में लॉक डाउन होने के कारण निम्नानुसार तिथियों में संशोधन किया जाता है।

एन.आई.टी./निविदा क्रमांक	निविदा डाउनलोड करने की संशोधित तिथि	निविदा लिफाफा प्राप्त करने की संशोधित तिथि	निविदा खोलने की संशोधित तिथि
194/72702,195/74604 196/72605,197/74608 175/72606,184/74610 185/74611, 187/74612 198/74613, 199/75010	01.05.2021	04.05.2021	05.05.2021

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।
जी. नं. 88236, 88235, 88247, 88241, 88330, 60014
जी-60167/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग रायपुर मण्डल क्र.-1, रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग,
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal :https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 75860/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2020-21 कवर्धा, दिनांक 09/04/2021

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **30.04.2021** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - कबीरधाम जिले के विकासखण्ड-बोड़ला की सकरी नदी पर निर्मित छपरी एनीकट कम कॉजवे के अपस्ट्रीम डिपाजिट की सफाई, अपस्ट्रीम एवं डाऊनस्ट्रीम में कटऑफ का निर्माण तथा गेट मरम्मत कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 52.20 लाख।

अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **16.04.2021** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-60177/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा,
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा लोगों को टीकाकरण हेतु जागरूकता किया गया

खरोरा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 11अप्रेल 2021 को भरत देवांगन शासकीय माध्यमिक विद्यालय खरोरा के द्वारा जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुश्री शाहिना परवीन के कुशल नेतृत्व में रेंजर एवं गाइड ने (कुमारी तृप्ति साहू एवं अन्य गाइड)कोविड 19 टिकाकरण के प्रति जागरूकता व टिका करण सेंटर में पंजीयन करके स्वस्थ्य विभाग व छत्तीसगढ़ शासन के सेवा कार्य में कंधे से कंधे मिलाकर स्काउट गाइड भावनाओ का पालन करने हुऐ साथ ही साथ कोरोना वायरस को ध्यान रखते हुए स्वयं मास्क सिलकर व मास्क उपयोग कर दूसरों को भी मास्क वितरण कर मास्क अनिवार्यता व सोशल डिस्टेंस का पालन करवाने का कार्य किया जा रहा है इस पावन कार्य के लिए माननीय सत्यनारायण शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नई दिल्ली एवं वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय, विनोद सेवनलाल चंद्राकर राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन , कैलाश सोनी राज्य सचिव जी स्वामी जिला अध्यक्ष जिला संघ रायपुर , सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ रायपुर, अशोक नारायण बंजारा जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर , मृत्युंजय शुक्ला जिला सचिव जिला संघ रायपुर ने बधाई दी इसकी पूरी जानकारी मनोज कुमार वर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने दी

'सुन सजनी' गीत हुआ रिलीज़ दर्शक कर रहे हैं खरोरा के कलाकारों को पसंद

खरोरा। मनोरंजन एवं कलाकारी के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगतिशील ही रहा है,नए नए उभरते हुए कलाकार अपनी कलाकारी से लगातार छत्तीसगढ़ वासियो को नए नए गीत संगीत दे रहे है,छत्तीसगढ़ रायपुर जिले नगर खरोरा में भी अब नए नए कलाकारों के द्वारा नगर के सांथ सांथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रहे है,नगर पंचायत खरोरा के ही युवा और प्रतिभावान गायक कलाकार जय प्रकाश वर्मा जो कि निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मंचो में प्रस्तुति के माध्यम से खरोरा एवं आस पास के क्षेत्रों में अपनी एक अलग ही पेहचान बनाने में बहुत ही कामयाब हुए जिसके फलस्वरूप उन्होंने अपने टीम के साथ मिल कर एक यूट्यूब चैनल का निर्माण किया जिसका नाम है (द्रश्य के धुन) और अपने करियर का दूसरा वीडियो एलबम तैयार किया जिसमे मुख्य रूप से नायक का रोल करने वाले निलेश साहू खरोरा के ही रहने वाले है,और नायिका संध्या वर्मा रही और सांथ ही सांथ इस गाने के लेखक रहे जाने माने लेखक कार उमेश कुमार साहू जी भी खरोरा के ही रहने वाले है और पूरे वीडियो को शूटिंग करने वाले किसन पाटकर(सीमा फ़ोटो स्टूडियो) ये भी नगर खरोरा के ही निवासी है,पूरी टीम ने मिल कर एक नए वीडियो एलबम का निर्माण किया।

श्रमिकों के लिए रायपुर में श्रम सुविधा केन्द्र प्रारंभ

गरियाबंद। राज्य में कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते संक्रमण के कारण इसमें उत्पन्न विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, प्रदेश के भीतर कार्यरत श्रमिक अथवा अन्य राज्यों में रोजगार हेतु प्रवास पर गए श्रमिक अथवा अपने जिले से अन्य जिलों पर रोजगार हेतु प्रवास पर जाने वाले श्रमिक, या उन्हें वर्तमान कार्यस्थल पर कोई समस्या हो, या रेल अथवा बस के माध्यम से छत्तीसगढ़ में वापसी पश्चात गृह नगर जाने में अथवा कोविड-19, कोरोना वायरस से संबंधी कोई समस्या हो तो ऐसे समस्या को श्रम विभाग के श्रम सुविधा केन्द्र से परामर्श एवं आवश्यकता अनुसार सहायोग करने के लिए 11 अप्रैल 2021 से छत्तीगसढ़ श्रम कल्याण मण्डल, शान्ति नगर रायपुर में प्रारंभ किया जा रहा है। इस श्रमिक सुविधा केन्द्र में वर्तमान में मोबाईल नंबर 91098-49992, दुरभाष नंबर -0771-2443809 के माध्यम से श्रमिक के कॉल सुने जाऐंगे एवं इन श्रमिकों की मदद की जायेगी।

नाबालिग को बहला कर भगा ले जाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

भाटापारा। नाबलिका को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले युवक को मुखबीर की सुचना पर ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपहर्ता को बरामद कर युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत कार्यवाही की है। उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी रामवतार धुव ने बताया की प्रार्थी की नाबालिग नातिन 20.09.2020 के रात्रि 09.00 बजे से दिनांक 21.09. 2020 के सुबह 08.00 बजे के मध्य घर से बिना बताये कही चले जाने की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम किया गया और गुम इंसान नाबालिक होने से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना दौरान अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का लगातार पता साजी पुलिस करती रही इस दौरान मुखबीर से सूचना पर अपहृता को गांव का एक व्यक्ति के साथ रेल्वे स्टेशन भाटापारा में होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने भाटापरा रेल्वे स्टेशन पहुंचकर अपहृता एवं उक्त युवक से पूछताछ की जिसमे युवक ने अपना नाम प्रेमप्रकाश सोनवनी पिता मंतराम सोनवानी उम्र 21 साल साकिन गोरदी का रहने वाला बताया। आरोपी प्रेमप्रकाश सोनवानी के कब्जे से अपहृता को बरामद कर पीड़िता का कथन लिया गया । कथन में आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले जाना एवं नाबालिक जानते हुए लगातार शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई लिहाजा प्रकरण में धारा 366,376 भादवि 04 , 06 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए युवक को गिरफ्तार कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है ।

कलेक्टर ने किया भखारा, कुरूद व ग्राम चरमुड़िया का दौरा

धमतरी। कलेक्टर श्री जयप्रकाश मौर्य ने आज दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भखारा, कोविड केयर सेंटर कुरूद, ग्राम चरमुड़िया स्थित आइसोलेशन सेंटर का दौरा कर कोरोना से ग्रसित मरीजों के लिए प्रशासन द्वारा किए गए इंतजाम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुरूद क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

फर्जी आरटीआई कार्यकर्ता बन कर जानकारी हासिल करने वाले पटवारी गिरफ्तार

- प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग से सम्बद्ध होने का फर्जी लेटर पेड बना कर करता रहा सरकारी विभाग व लोगों से धोखाधड़ी

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद का है जहां के तत्कालीन सहायक भू-अभिलेख अधिकारी हेमनारायण धुर्वा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय गरियाबंद में लिखित शिकायत पेश किया था कि भगवान सिंह ठाकुर जो जिला बालोद में पटवारी के पद पर पदस्थ रहते हुये स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग से संबद्धता होना एवं आरटीआई कार्यकर्ता होना लेख कर फर्जी लेटर पेड के माध्यम से सरकारी विभागों व आम जनता को परेशान करने की शिकायत किया गया था। शिकायत जांच क्रम में प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग नई दिल्ली से पत्राचार कर जानकरी प्राप्त करने पर उक्त पटवारी भगवान सिंह ठाकुर के द्वारा स्वयं को फर्जी आरटीआई कार्यकर्ता होना तथा प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग से सम्बद्ध नही होना पाया गया जिसके बाद थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में आरोपी भगवान सिंह ठाकुर के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये आरोपी की गिरफ्तारी हेतु योजनबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपी भगवान सिंह ठाकुर पिता स्व. चमरू राम उम्र 59 वर्ष निवास मैनपुर 2 थाना व जिला गरियाबंद , हाल निवास गुंडरदेही को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक वेदवति दरियो, सउनि प्रहलाद ठाकुर, प्र0आर0 डिगेश्वर साहू, आर0 मनीष चेलकर, सै. रविशंकर सोनवनी, चालक आरक्षक पुरन साहू की सराहनीय भूमिका रही।

45 प्लस आयु वर्ग के 64 प्रतिशत लोगों को पहले डोज का टीका लगा

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 78 हजार लोगों को लग चुका है टीका

- जिले में टीकाकरण अभियान ने रफ्तार पकड़ी
- जिले में अब तक एक लाख से अधिक टेस्टिंग

गरियाबंद। जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जारी टीकाकरण अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। 01 अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का टीकाकरण तीव्रता के साथ जारी है। साथ ही कोविड टेस्टिंग भी बड़े पैमाने में किया जा रहा है। जिले में इस वर्ग के एक लाख 26 हजार 500 नागरिकों को टीका लगाये जाने का लक्ष्य है। लक्ष्य के अनुरूप 45 प्लस आयु वर्ग के 78 हजार 430 लोगों को प्रथम डोज और 1539 लोगों को द्वितीय डोज लग चुका है। 11 अप्रैल की स्थिति में कुल 87 हजार 365 लोगों को पहले डोज का टीका लग चुका है। जो कुल लक्ष्य का 64 प्रतिशत है। वहीं 10 प्रतिशत लोगों को अर्थात 08 हजार 402 लोगों को दूसरा डोज भी पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर के निर्देश पर संक्रमण से बचाव के लिए टेस्टिंग की संख्या भी बढ़ा दी गई है। अभी तक एक लाख 11 हजार 861 सैम्पल कलेक्ट किये गए है। जिनमें से 6 हजार 138 पॉजिटिव केस मिले है। जिले में कोरोना टेस्टिंग के लिए आर.टी.पीसीआर, एंटीजन एवं ट्रूनाट की व्यवस्था है।

कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने आम नागरिकों से प्राथमिकता के आधार पर टीका लगवाने, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों को पालन करते हुए कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु टेस्ट कराने अपील किया है। वहीं समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पात्रता के अनुसार अनिवार्य रूप से टीकाकरण और कोरोना टेस्ट कराने के निर्देश दिये है।

जिले में 73 सेशन साइट में टीकाकरण हेतु समुचित इंतजाम किया गया है। ज्ञात है कि पूर्व में सेशन साइट की संख्या 30 तक ही सीमित था, जिसे बढ़ाकर 73 कर दिया गया है। टीकाकरण केन्द्रों मे 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक उत्साह के साथ टीका लगवा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिले के कुल 827 सेशन साइट के माध्यम से टीकाकरण किया गया है। 16 जनवरी से प्रारंभ हुए प्रथम टीकाकरण अभियान में 5 हजार 860 हेल्थ केयर वर्कर को पहला डोज और इनमें से 4 हजार 804 वर्कर को दूसरा डोज का टीका भी लग चुका है। इसी तरह 06 फरवरी से प्रारंभ हुए द्वितीय चरण में 3 हजार 75 फ्रंटलाइन वर्कर को पहला डोज और 2 हजार 59 फ्रंटलाइन वर्कर को टीका का दूसरा डोज पूर्ण हो चुका है।

विकासखंडवार आंकड़ो के अनुसार सबसे अधिक फिंगेश्वर विकासखंड में टीकाकरण किया गया है। यहां प्रथम डोज में 24554 और द्वितीय डोज में 1933 लोगों को टीका लग चुका है। छुरा विकासखंड में 22 हजार 875 लोगों को प्रथम डोज और 1 हजार 875 लोगों को द्वितीय डोज लग चुका है। गरियाबंद विकासखंड में प्रथम डोज में 21298 और द्वितीय डोज में 2228, मैनपुर विकासखंड में प्रथम डोज में 11911 और द्वितीय डोज में 1673 एवं देवभोग विकासखंड में प्रथम डोज में 6702 एवं द्वितीय डोज में 693 लोगों को टीकाकरण किया गया है।

अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपी पकड़ाए

- मोटर सायकल भी जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। ग्रामीण पुलिस ने ग्राम मिरगी के 2 युवको को अवैध रूप से शराब का परिवहन करते पकड़ा है और आरोपीयो के कब्जे से 57 पाव देशी मसाला शराब के सांथ प्रयुक्त 01 मोटरसायकल को भी जप्त किया है।उन दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी रामवतार धुव ने बताया की पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में अवैध शराब / जुआ / सट्टा में सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में प्र. आर. समीर शुक्ला आर. अरविंद कौशिक,अशोक ध्रुव त्रिलोकी वर्मा की टीम ने मुखबीर के सूचना पर घेराबन्दी कर एक मोटरसाइकिल क्र ष्ट्र 22 ॥ 4707 हीरो एच् एफडिलक्स में आरोपियान सागर वर्मा पिता नारद वर्मा उम्र 20 साल एवं रवि वर्मा पिता पूनाराम वर्मा उम्र 35 साल दोनों निवासी ग्राम मिर्गी थाना भाटापारा ग्रामीण को 57 पौवा देशी मशाला शराब रखे पकड़ा उक्त जब्त देशी मशाला शराब कीमती 5130/ एवं प्रयक्त मोटरसायकल हीरो द्धद्ध डिलक्स क्र ष्ट्र22 ॥ 4707 कीमती 20000 कुल जुमला कीमती 25,130/रुपये को जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया तथा उन दोनों के खिलाफ धारा 34(2) आब एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

मुख्यालय में कोविड सेंटर पीड़ितों के साथ परिजनों को मिलेगी राहत

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। ब्लॉक में कोरोना की भयावह स्थिति को देख मुख्यालय सहित आसपास गांव के शासकीय भवनों को कोवीड केयर सेंटर बनाए जाने की पहल से आम लोगों में हल्की राहत दिखाई पड़ रही है ।बकायदा अधिकारियों की यह पहल को सराहा भी जा रहा है। क्योंकि ब्लॉक में 57 से अधिक लोग कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। इसके अलावा पूरे जिला मैं भी काफी संख्या में लोग कोरोने से संक्रमित हो चुके हैं। और दिनों दिन आंकड़े इतने बढ़ रहे हैं। कि जिला अस्पताल कोविड सेंटर मैं रखने के लिए व्यवस्था नहीं हो पा रहा है ।जिसके मद्देनजर रखते हुए एसडीएम अनुपम आशीष टोप्पो सीईओ एमएल मंडावी के दिशा निर्देश पर 40 सीटर कन्या छात्रावास आईटीआई 50 सीटर के साथ अटल समरसता भवन को कोवीड सेंटर केयर के लिए चयनित किया है। इनमें महिलाओं के लिए भी अलग से कोविड सेंटर तैयार किया जा रहा है। बकायदा इसके लिए स्थानीय अमला ने पुकजोर तैयारी भी शुरू कर दिया है ।मतलब पॉजिटिव व्यक्ति को इस कोविड़ सेंटर पर रखते हुए खाना-पीना इलाज सहित पूरी व्यवस्था मुहैया कराया जाएगा। हालांकि गंभीर स्थिति के दौरान पीड़ित को जिला अस्पताल ही भेजना विकल्प माना जा रहा है ।लेकिन मुख्यालय के कोविड सेंटर को काफी सतर्कता के साथ तैयार किया जा रहा है। बकायदा कोविड सेंटर पर विभागवार कर्मचारियों की तैनाती भी किया जाएगा। जो काफी ज्यादा पीड़ितों से लेकर परिजनों को राहत होगी। शायद यही वजह है कि अधिकारियों की यह पहल को आम जनता के बीच खूब सरहा जा रहा है। इसके अलावा कोरोना की स्थिति बेकाबू ना हो इसके लिए केंटपदर खुटगांव बरही फलसा पारा सहित अन्य सीमाओं पर जांच नाका बनाया गया है। जहां देखरेख के लिए कर्मचारी अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाए जाने की बात कही जा रही है ।

प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोविड-19 की समीक्षा

- सभी विकास खंडों में खोले जाएंगे कोविड देखभाल केंद्र
- मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के निर्देश
- लॉकडाउन का सख्ती से पालन किया जाए

गरियाबंद । गरियाबंद जिले में कोरोना मरीज के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए तथा कोविड-19 की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि जिले में विकासखंड स्तर पर कोविड देखभाल केंद्र की स्थापना की जाए। यहां ऐसे मरीज रहेंगे जिन्हें कोई लक्षण नहीं है लेकिन वह धनात्मक है । कलेक्टर श्री निलेश क्षीरसागर ने बताया कि जिले में 13 अप्रैल से लेकर 23 अप्रैल तक लॉक डाउन की घोषणा की गई है ।इस दौरान सख्ती से लॉकडाउन का पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है साथ ही उन्हें समझाइश भी दिया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने टीकाकरण तेज करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कहा कि टेस्टिंग भी व्यापक पैमाने पर किया जाए ।उन्होंने कहा कि लोग सावधानी बरते और कोरोना गाइडलाइन का पालन करें, इसके लिए जिला प्रशासन कारवाई करे वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल्दी कोविड देखभाल केंद्र खोले । उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कोरोना जांच करने एवं पॉजिटिव लोगों का शासन के दिशा निर्देशानुसार उपचार करने, होम आइसोलेशन, क्वारेंटाइन में रखने के निर्देश दिए। आक्सीजन , बेड, आईसीयू, एवं वेंटिलेटर की संख्या बढ़ाने , चिकित्सक एवं दक्ष स्टॉफ की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। पात्रतानुसार शत प्रतिशत टीकाकरण करने, कांटेक्ट ट्रेसिंग को बताने, पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क में आने पर जानकारी देने के लिए कहा गया वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिले के प्रभारी सचिव ,कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, सीईओ जिला पंचायत चन्द्रकांत वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुखनंदन राठौर, सीएमएचओ डॉ. एन.आर. नवरत्न, डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी उपस्थित थे।

बेबीनार के माध्यम से जनप्रतिनिधि भी जुड़े

वीडियो कांफ्रेंसिंग में वेबीनार के माध्यम से नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष गफ्फार मेमन ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम एवं जन भागीदारी अध्यक्ष व एल्डरमेन हरमेश चावड़ा भी जुड़े रहे । कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया । प्रभारी मंत्री ने इस संबंध में आवश्यक सुविधा उपलब्ध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

आज से चैत्र नवरात्रि हिन्दू नववर्ष, कोरोना के चलते लाकडाउन

- अगले वर्ष की भांति चैत्र नवरात्रि में नहीं कर पायेंगे मन्दिरों में भक्त गण दर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा/अर्जुनी। चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ जो नौ दिनों तक चलने वाली, 13 से 21 अप्रैल तक चलेगी। कोरोना के चलते लाकडाउन में शासन के निर्देशों का पालन करते हुए , अगले वर्ष की भांति इस साल भी चैत्र नवरात्रि शक्ति आराधना का महान पर्व पर भक्त गण घरों में ही रहकर मनायेंगे नवरात्र । स्थानीय जय महामाया शक्ति पीठ में 2 ज्योति कलश,एक घृत का, मां शीतला मंदिर में 1 ज्योति कलश, और ज्योति कक्ष में केवल 1 ही ज्योत प्रज्जवलित होंगी। सिद्ध शक्तिपीठ मां महाकाली मंदिर में विगत 26 वर्षो से अखंड ज्योति कलश प्रज्जवलित हो रही है।

गली-दरवाजे पर रंगोली बनाई जायेगी

चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष के शुभ पर माता रानी की सुवागत के लिए श्रद्धालु अपने-अपने गली,घर- दरवाजे के समाने रंगोलियां बनाकर, व दीपक जलाकर कर माता रानी का पर्व मनाया जाएगा।

हिन्दू नववर्ष के स्वागत हेतू भगवा रंग का ध्वजा पताका लगाये

छत्तीसगढ़ योग शिक्षक महासंघ प्रदेश मिडिया दीपक कुमार वर्मा ने कहा चरित्र उज्जवल नहीं होने पर ऊंचे पदों पर रहना शोभा नहीं देता है।

योग जीवन का अनिवार्य अंग हैं। कोरोना काल में योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के लिए नियमित आधा घण्टे योग प्राणायाम करें व गिलोय,काली मिर्च,अदरक और लौंग का काढ़ा बनाकर सेवन करें।योग से शरीर व मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। 9 पूर्णांक है, जिसमें पुरी सृष्टि समाहित है।इसे भारत ने दुनिया को बताया था। उन्होंने बताया की चैत्र नवरात्रि के पहले दिन नववर्ष मनाने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि का निर्माण हुआ था, इसलिए इस दिन हिन्दू नववर्ष के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को संवत्सरारंभ, गुड़ी पड़वा, उगादि, वैशाखी प्रारंभ दिन आदी नामों से भी जाना जाता है। *उगादि' का अर्थ होता है, युग का प्रारंभ अथवा ब्रह्माजी को सृष्टि का पहला दिन।* चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष मनाने के नैसर्गिक ,प्राकृतिक स्वाभाविक,ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक,वैज्ञानिक व दार्शनिक कारण है। नवरात्रि के शुभ अवसर पर घरों में बुढ़ी दादी मां व छोटी बच्ची रहती है । जिसको आप इस शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि में चुनरी , श्रुंगार का सामग्री भेंट कर नवरात्रि मनाये।

कोरोना की ऐसी महामारी की भूल गए जल, जंगल और जमीन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। गर्मी की शुरूवात होते ही जहां पेयजल की विक्राल समस्या उत्पन्न होती है वही इन समस्याओ को दूर करने विभाग कार्य भी करता है। इसके साथ ही गर्मी के दिनो में पानी की तलाश में भटकते हुए वन्यप्राणी शहरो तक अपना रूख कर लेते है। अब जमीन की ही बात करे तो कोरोना काल में कुछ के लिए यह लॉकडाउन अतिक्रमण का सुनहरा मौका लेकर सामने आया है। वर्तमान स्थिति में पानी की सबसे बडी किल्लत वनांचल क्षेत्रो में बनी हुई है। इन क्षेत्रो में कही मौका मुआयना कर देखा जाए तो पानी की हर बूंद की कीमत लोगो को समझ में आ जाएगी। लेकिन इसका विपरीत असर जिले में देखने को मिल रहा है। जहां पानी बेवजह ही बर्बाद कर दिया जाता है। सबंधित विभाग के द्वारा जल को सुरक्षित रखने और उसका सदउपयोग करने की अपील भी की जाती है। लेकिन इसका असर संभवता नही हो पाता जिसके चलते शहरो में लाखो से ज्यादा लीटर पानी यू ही बर्बाद हो जाता है। वर्तमान समय में कुकदूर क्षेत्र के वनांचलवासी आज भी एक से डेढ किलोमीटर का सफर कर झिरिया का पानी पीने मजबूर हो रहे है। वो भी झिरिया का ऐसा पानी जिसे छोटे से बर्तन का सहारा लेकर वनांचल वासी घडे को भरते है एक घडे को भरने में लगभग 20 से 25 मिनट का समय लग जाता है। वही पहाडो को पार कर इन्हे पानी मिल पाती है। कई ऐसे समाजिक संस्थान है जिनके द्वारा चैक चैराहो में पेयजल की व्यवस्था भी कराई जाती है। लेकिन इस कोरोना काल में ऐसे प्रर्माथ के कार्य भी नही हो पा रहे है। वनांचल क्षेत्रो में कुई-कुकदूर सहित कई ऐसे क्षेत्र है जहां पानी की समस्यांए बनी रहती है। तो इसके साथ ही कई ऐसे हैंडपंप है जिनका हलक सूख चूका है और विभाग इसे दूरूस्थ कराने ध्यान भी नही दे रहा है।

पक्षियों को पानी पिलाने समिति ने की पहल

इस वर्ष समय से पहले तेज गर्मी पड़ने लगी है और हम सब जानते हैं कि गर्मी के दिनों में पानी की कीमत क्या होती है हमारे अलावा जो बेजुबाँ जीव होते हैं वो गर्मी के दिनों में पानी के लिये किस तरह व्याकुल होते ये हम सब अनुभव कर सकते हैं सुमीत तिवारी व बेजुबाँ सेवा समिति की टीम ने पिछले एक वर्षो से लगातार बेजुबानो के लिए काम कर रहे है इसी क्षेत्र में बढ़ते गर्मी को देखते हुए टीम बेजुबाँ ने एक अपील भी की है कि गर्मी के कारण नदी नाले ताबाब सुख जाते हैं जिससे जीवो को पानी के लिए भटकना पड़ता है इसलिए हम अपने टीम के साथ अपने अपने छतों में पानी व दाना पक्षियों के लिए व नियत स्थानों पर कोटना टफकी व्यवस्था पशुओं के लिए यथासंभव करने का प्रयास किया है और भी स्थानों में करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आप सभी नगर ग्राम व क्षेत्रवासियों से आग्रह करते है आप भी अपने घरों व छतों पर जल की व्यवस्था कर अपने मानवता का फर्ज निभाए जिससे इन बेसहारा जीवो को भटकना न पड़े।

सीता नदी से लगे मेन रोड की जंगल में भीषण आग

■ **चारो तरफ आग ही आग वनअमला बेखबर साथ जगह जगह जंगल आग के हवाले हो चुका है**

नवप्रदेश संवाददाता

नगरी। जिले के धमतरी रेंज इलाके में अरसीकन्हार मोड से लगे जंगल में भीषण आग लग गई है। यह आग मुख्याल रेंज से महज 4 से 5 किलोमीटर की दूरी है। जिसकी लपटे काफी तेज है और वह जंगल में फैलती जा रही है। इधर जंगल में अचानक भीषण आग लगने से सनसनी फैल गया है और उस रोड से गुजरने वाले राहगीर भयावह मंजर देख सन्न रह गया। वहीं आग पर काबू पाने सभी रेंज में फायर वॉचर की नियुक्ति भी की गई है। लेकिन सवाल ये है कि साकरा वन परिक्षेत्र कार्यालय से महज 10 किलोमीटर आगे रोड से सटे जंगल में आग लगने खबर नहीं मिल पाई है। वहीं सूचना मिला भी गई तो वन अमला वहाँ समय रहते पहुँच क्यों नहीं पाया। आग की लपटें इतनी जबरदस्त है मानो जैसे पूरा जंगल ही जलकर खाक हो जाए । इसी तरह सीतानदी उदन्ती अभ्यारण्य क्षेत्र के सीतानदी रेन्ज मे शुक्रवार को भयानक आग लगी थी आग मुख्य मार्ग नगरी से बोरई बिरनासिल्ली फारेस्ट बेरियर को पार करने के बाद पूरी जंगल धुआ से भर गया था व आठदहारा के आगे सडक किनारे भयानक आग लगी थी। जो की पेट्रोलिग बेरियर से महज एक किलोमीटर दूर थी वहा कोई फायर वाचर मौजूद नही थे जिसकी जानकारी उप निदेशक को देने पर उन्हे ने कहा की वहा टीम मौजूद है जो आग बुझाने मे लगी है । मगर आग पर कंट्रोल नही हो पाया जो रात मे भी उस जंगल मे भयानक आग लगी थी। सूत्रो की माने तो सीतानादी रेन्ज मे आग से कुछ जगह बचा होगा बाकी पूरे जंगल मे आग लग चुकी है। वही अरसीकन्हार व रिसगाव की जंगलो मे भी आग से काफी जंगल जल चुका है व अन्य जगहो पर भी आगजनी की घटनाए कम नही हो रही है।

जंगली जानवरो की बढ़ी परेशानी

जंगलो मे आगजनी के चलते जानवरों को चारा व पानी की तलाश मे रिहायशी इलाके मे भटकना पड़ता है। इसलिए इन जानवरों शिकार हो जाते है या आवारा कुत्ते इनका शिकार कर लेते है। ऐसे कई घटनाओं में जंगली जानवर को जान गवानी पड़ी है।

लो वोल्टेज व बिजली कटौती से परेशान

किसान रबी की फसलों को कर रहे मवेशियों के हवाले

■ **ग्राम जिड़ार के परेशान किसान सूख रहे फसलो को मजबूरी मे मवेशियों से चरा रहे**

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। इन दिनों मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में लो वोल्टेज और बिजली गुल की समस्या से किसान खासे परेशान है अंचल के गांवों मे लो वोल्टेज की समस्या और घंटो बिजली बंद रहने से सबसे ज्यादा है खेतों मे सिंचाई सुविधा नही होने के बावजूद परेशानी झेल रहे किसानो के सिंचाई के लिए ट्युबवेल ही एक मात्र साधन है लेकिन लो वोल्टेज होने के चलते फसल को टूयबवेल से पानी दे पाना मुनासिब नही हो पा रहा है। जबकी इस वक्त फसल को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत हैं। अधिकांश गांवो मे परेशान किसान अपने तैयार हो रही धान की फसलो को मवेशियों के हवाले कर चरा रहे है। नाहनबिरी, गोपालपुर, कोदोभांठा, देहारगुड़ा, हरदीभांठा, भांठीगढ़, गौरघाट, चलकीपारा, राजपुर, जाड़ापदर, गिरहोला, जिडार के सैकड़ो किसान रबी फसल ले रहे हैं लेकिन लो वालटेज और बिजली के बार बार बंद हो जाने के चलते खेतों व सब्जी बाड़ियों में सिंचाई नही कर पाने से परेशान है जिसके चलते धान, गेंहू, मक्का, दलहन तिलहन सहित बाड़ियों में आलू, टमाटर, गोभी, प्याज सहित विभिन्न किस्म की फसलो में पानी सिंचाई नही किये जाने से फसल सूख रहे है यहां के किसान दिन प्रतिदिन बिजली बंद एवं लो वोल्टेज की समस्या को झेल रहे है। ग्राम जिड़ार में लो वोल्टेज के चलते ट्यूबवेल नही चल पाने के कारण यहां के किसानो ने अपने 10 से 12 एकड़ जमीन मे लगाये गये धान की फसलो को मवेशियों के हवाले कर दिया। जिड़ार के किसान गुंजेश कपिल, मुकेश कपिल ने बताया कि लगातार बिजली बंद रहने व लो वोल्टेज के चलते बोर नही चल पा रहा है जिसके कारण जमीन पूरी तरह सूख चुकी है खेतो मे दरारे आ रही है मजबूरन हम किसानो को धान की फसल को मवेशियों के हवाले करना पड़ रहा है। किसान पारेश्वर नेगी, सुरेश यादव, डाकेश्वर नेगी, हेमसिंग नेगी, चैनसिंह नेताम, गयचंद्र कोमर्रा, देव नेगी, माधव नागेश, फिरतुराम नागेश, महेंद्र फारस, खेलन साहू, शुकसाय, नैनसिंग नेताम, यसवंत नेताम, पुरषोत्तम दास, रामसिंह नागेश ने बताया कि इस वक्त खेतो मे लगे रबी फसल को सिंचाई की आवश्यकता है परंतु लो वोल्टेज और बिजली के घंटो बंद होने के कारण से खेतो मे लगे पंप नही चल पा रहे है यहां तक की सब्जी बाड़ियों मे लगे कम पावर के टूल्लू पंप तक नही चल पा रहे थे जिससे फसल व सब्जी बाड़ियों के चैपट हो चुका है मजबूरन धान की फसलो को मवेशियों से चराया जा रहा है एक एक कर कई किसान रोज गांव के मवेशियों को अपने खेतों में ले जाकर सूखी फसलों को चरा रहे हैं। किसानो ने बताया कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो क्षेत्र के किसान बिजली की समस्या के लिये बिजली ऑफिस का घेराव करने व जिला के कलेक्टर को ज्ञापन सौप बिजली की समस्या से अवगत कराने की बात कह रहे है।

लॉकडाऊन में भी भारी वाहन का संचालन

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते रायपुर जिला सहित बलौदाबाजार जिला भी पूर्ण लॉकडाऊन है। बावजूद इसके रात्री 10 बजे से 6बजे सुबह तक रायपुर -बलौदाबाजार मुख्य मार्ग मे सैकड़ों भारी वाहन दौड़ रहे हैं। लॉकडाऊन सभी के लिये है परंतु भारी वाहन सड़क पर क्यों दौड़ रहे हैं। वहीं रायपुर शहर मे सीमा सील है जहॉ आने व जाने दोनों बंद है तो सैकड़ों मोटर सायकल रायपुर शहर से कैसे निकल रहे हैं वहीं सभी लोग गॉव मे प्रवेश कर रहे हैं। गॉव वाले न जाने करके रायपुर से सैकड़ों लोग रात्री मे ही सामान लेकर गॉव मे प्रवेश कर गये हैं। न तो किसी ने जॉच करवाई और न ही लॉकडाऊन का पालन किया। हम किस आधार पर कैसे कहे कि प्रदेश मे सख्त लॉकडाऊन है यह तो खुला उल्लंघन है। लॉकडाऊन अभी सभी के लिये सुरक्षित रहने का एक अभियान है।

किसको मना करें या न कहें समझ नहीं आता

यहॉ तक कि गॉव के लोग समय पास के आड़ मे खेत-खलिहानों, शमशान घाट मे पेड़ के नीचे ताश-पत्ति खेल रहे हैं। गॉव के लोगों मे कोरोना वायरस का जरा भी भय नही हैं। राज्य व केंद्र सरकार के नियमों का कहीं पालन नही हो रहा है और न ही स्थानीय पुलिस का भय है। कैसे रोके हम यह जानलेवा कोरोना वायरस संक्रमण व क्या मतलब है लॉकडाऊन का इन घटनाओं को देखकर हम नही कह सकते कि लॉकडाऊन से कोरोना वायरस संक्रमण से अब राज्य व केंद्र मुक्त हो गये या हो सकते हैं।

गॉव मे लॉकडाऊन मजाक से ज्यादा कुछ नहीं

ग्राम बंगोली ,कुर्रा ,मूरा,धनसुली सहित सभी गॉवो मे लॉकडाऊन का खुला उलंघन हो रहा है ,लोग पान ठेला,चौक चौराहों,तालाब के पार मे समूह मे बैठकर गप्पे हॉक रहे हैं। मना करने पर बहस पर उतारु हो रहे हैं। पान ठेला व किराना दुकान का शटर बंद है परंतु वहीं दूसरे दरवाजे से पान ठेला व किराना दुकानों की संचालन प्रतिदिन हो रही है।

यह कैसी कार्रवाई : अवैध गुटखा बरामद पर जब्ती के बजाय दुकानदार को ही सौंपा गया, पुलिस प्रशासन भी मौन

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। गुंडरदेही के अरिहंत प्रोविजन के संचालक रमेश जैन के गोदाम रेंगा कठेरा में लॉकडाउन लागू होने के दौरान शनिवार की शाम को राजस्व व खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारकर 24 बोरा जर्दा गुटखा बरामद किया था। लेकिन इस पर किसी तरह की जब्ती बनाकर प्रशासन द्वारा उक्त गुटखा को अपने पास नहीं रखा गया बल्कि उल्टा जप्त गुटखा को दुकानदार को ही सौंप दिया गया। जिससे इस मामले की चर्चा पूरे जिले भर में हो रही है कि आखिर जो आरोपी बना उसी को ही क्यों वापस सामान सौंपा गया। जबकि इसे बकायदा प्रशासन को अपने कब्जे में लेना था और आगे की कार्रवाई करनी थी। लेकिन यहां मामला उल्टा हो गया। जो चर्चा का विषय बन गया है। जब हमने इस मामले की सुपुर्दगी नामा के बारे में पतासाजी की तो यह तथ्य सामने आया कि जब्ती कर्ता अधिकारी नायाब तहसीलदार धर्मेश श्रीवास्तव के द्वारा एक कागज पर जब्ती नामा बनाया गया है फिर उसी में सुपुर्दनामा लिखकर संबंधित दुकानदार रमेश जैन पिता दीपचंद जैन को ही सुपुर्द किया गया है। इस सुपुर्दनामा लिखा गया है कि खाद्य निरीक्षक के साथ-साथ मैं नायब तहसीलदार गुंडरदेही, राजस्व निरीक्षक, नगर पंचायत गुंडरदेही के स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा अरिहंत किराना दुकान के रेंगा कठेरा गुंडरदेही में स्थित गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां पर गोदाम में रखे हुए 24 बोरा पान मसाला राजश्री एवं पान बाग अवैध रूप से भंडारण करना पाया गया था। जिसमें 12 बोरी जर्दा युक्त पान बाग गुटखा व 12 बोरी राजश्री पान मसाला है। जिसे जब्ती किया जाकर रमेश जैन संचालक अरिहन्त प्रोविजन के सुपुर्द में दिया गया। तो वही इस सुपुर्दगी नामा के नीचे रमेश जैन से हस्ताक्षर करवाकर यह लिखवाया गया है कि जब्त सामग्री न्यायालय के आदेश पर यथास्थिति पेश करूंगा। इस तरह जिससे अवैध भंडारण का मामला उजागर हुआ, जो दुकानदार इसके लिए दोषी है उसी को ही सामान सुपुर्द किए जाने से बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। इससे जब्त माल की हेराफेरी की भी आशंका है।

पुलिस प्रशासन कार्यवाही से रही दुर

इस मामले मे जब स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई तो पुलिस का कोई भी अधिकारी मौके पर नही दिखा और ना ही अब तक पुलिस द्वारा इस पर कोई कार्यवाही की गई है। जबकि पहले के जर्दायुक्त गुटखे के मामले मे माल भी जब्त किया गया था और संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया था । फिर इस व्यापारी को क्यों गिरफ्तार नही किया और ना ही उक्त गुटखे की जब्ती की गई । आखिर क्यों पुलिस द्वारा मामले से दूरी बनाई जा रही है ये भी आमजन में चर्चा का विषय है।

मां महामाई मंदिर फरसिया में ज्योति कलश प्रज्ज्वलन शासन के कोविड नियमों के अनुसार होगी

नगरी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां महामाई मंदिर फरसियां में जहाँ पर पतित पावनी पाप् मोचनी चित्रोत्पला गंगा महानदी का उदगम स्थल एवं महानंद बाबा की तपोस्थली है।जहां पर माँ महामाई स्वयं आदिकाल से अटूट शक्तियों से लोगों की मनोकामना पूर्ण करती आ रही है, इस पावन धाम महामाई मंदिर मे चैत्र नवरात्र पर्व दिनांक 13अप्रैल2021दिन मंगलवार से21अप्रैल2021दिन बुधवार तक आयोजित है।जिससे शुभ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलन शासन के कोविड नियमों एवं निर्देशो का पालन करते हुए किया जायेगा। जिससे तेल ज्योति राशि 701रु, एवं घृत ज्योति राशि1301रु निर्धारित है, आप सभी श्रद्धालु भक्तजन सादर आमंत्रित हैं।भक्तजन निर्धारित ज्योति राशि अलका बुक डिपो, भगवती बुक डिपो नगरी, सुनील किराना स्टोर फरसियाँ मंदिर प्रांगण फरसियां अथवा नीरज सोन, शिवदयाल साहू,चन्द्रिका प्रसाद,रुपेश पारख शोभा देवांगन खम्हन साहू फरसियाँ शिव किराना भोथली हरचंद साहू आमली सोमनाथजी सोम सम्बलपुर गजानंद सोम टेंगना के पास जमा कर रसीद प्राप्त कर लेंगे। मो ,नम्बर ,,9406235214पर संपर्क कर राशि प्रेषित कर सकते हैं।